हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 4 नवंबर 2025



# 40 घर के सर्वे में मिले चार बुखार पीड़ित, तीस से अधिक घरों में आ रहा गंदा पानी

## समस्या को लेकर वार्डवासियों में निगम के खिलाफ आक्रोश, पीलिया-बुखार की बढ़ी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बसंतपुर क्षेत्र के राजीव नगर वार्ड में दूषित पानी आने से पीलिया, डायरिया और त्वचा संबंधी रोग फैलने की खबरों के बीच आज मितानिनों द्वारा वार्ड के लगभग 40 घरों में सर्वे किया गया। जिसमें घर में बीमार व्यक्ति की जानकारी ली गई। वहीं पानी की स्थिति भी पूछी गई। इस दौरान लगभग 30 घर के लोगों ने पीला और गंदा पानी आने की शिकायत की है। वहीं चार लोगों ने बुखार से पीड़ित होना बताया है। इसके साथ ही एक बच्ची पीलिया पीड़ित पाई गई है।

शहर के वार्ड नंबर 42 और 43 में बीते लगभग एक - डेढ़ माह से वार्ड के लोगों ने पीला और हरे रंग जैसा गंदा पानी आने की शिकायत की है। इसके बाद लगभग सप्ताहभर से यहां बच्चों को पीलिया और डायरिया की शिकायत सामने आई है। वहीं कई लोगों ने हाथ-पैर में बारीक लाल दाने और खुजली की शिकायत भी की है। जिसमें से एक जिला अस्पताल में भर्ती है। जिसका उपचार किया जा रहा है।

**गंभीरता से नहीं लिया मामला :**
स्थानीय लोगों के अनुसार पार्षद को अवगत कराने के बाद भी गंदा पानी आने की शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया। जिसके चलते लोग बीमार हो रहे हैं। मामला मीडिया के माध्यम से सामने आने के बाद अब यहां पर सर्वे कराया जा रहा है। गंदा पानी आने की वजह से यहां पांच लोग पीलिया से पीड़ित हो गए हैं। वहीं कुछ लोगों को बुखार, खुजली की शिकायत है।

### पाईप लाइन में लीकेज
लगभग सप्ताहभर पहले यहां चार बच्चों को पीलिया हुआ था, जो इलाज के बाद ठीक हो रहे हैं। वहीं आज एक और बच्ची की जांच रिपोर्ट पीलिया संक्रमित पाई गई है। इस क्षेत्र में कुछ जगहों पर पाईप लाइन में लीकेज भी दिखाई दे रहा है। वार्ड की मीना यादव ने बताया कि लगभग एक-डेढ़ महीने से पीला और हरे जैसे रंग का पानी आ रहा है, जिस पर फिटकरी मिलाकर पानी का उपयोग कर रहे हैं। उसके बाद भी घर में सभी को खुजली की शिकायत हो गई है। जिसका इलाज जिला चिकित्सालय से चल रहा है।



### लगातार आ रहे मामले
पुष्पा साहू ने बताया कि उनकी बेटी को दो-तीन दिन पहले बुखार हुआ था, जिसे डॉक्टर को दिखाने के बाद डॉक्टर ने आंखे देखकर पीलिया की जांच कराने कहा था, फिर लैब में जाकर जांच करने पर बच्ची को पीलिया और टाइफाइड निकाला है। डॉक्टर ने अस्पताल में भर्ती कराने कहा है। उन्होंने बताया कि बहुत दिन से गंदा पानी आ रहा है।

### वार्ड में फैल रही बीमारी
वार्ड के लालू बंसोड़ ने बताया कि लगभग एक माह पहले गंदे पानी की शिकायत स्थानीय पार्षद से की गई थी, लेकिन पार्षद ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मेरे घर के दो बच्चों को पीलिया हो गया था। कल यहां से निगम की टीम ने गंदा पानी देखकर जांच के लिए लिया है। अधिकारी बोल रहे हैं कि पानी साफ है। उन्होंने कहा कि वार्ड में पीलिया, डायरिया और खुजली की बीमारी फैल रही है।

## खबर संक्षेप

### तूफान का असर समाप्त तापमान पहुंचा 33 डिग्री



**राजनांदगांव।** मोंथा तूफान का असर समाप्त होते ही अब तापमान में वृद्धि का दौर शुरू हो गया है। राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान बढ़कर 33 डिग्री के करीब पहुंच गया है। सोमवार को राजनांदगांव जिला प्रदेश के सबसे गर्म जिलों में शामिल रहा। वहीं न्यूनतम तापमान भी सामान्य से लगभग डेढ़ डिग्री अधिक 19.5 डिग्री पर पहुंच गया है। इधर मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि आने वाले दो से तीन दिनों में अंचल का न्यूनतम तापमान 1 से 2 डिग्री तक नीचे जा सकता है। वहीं उसके बाद तापमान स्थिर रहने की संभावना जताई गई है। उल्लेखनीय है कि मोंथा तूफान के असर से अंचल में भी बारिश देखने को मिली थी। जिससे किसानों की फसल को काफी नुकसान देखने को मिला है। धान की कटाई का दौर अब शुरू हो गया है। अंचल में किसान अपनी उपज को काटने में जुट गए हैं।

### मातर मड़ई मेला कल

**जेवरतला रोड।** ग्राम दाऊसिर्रा (मुजगहन) में ग्रामवासियों के सहयोग से 5 नवम्बर को मातर मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए जय मां शीतला मां के ममता ग्राम चिखली बांधाबाजार वाले लोक सांस्कृतिक छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी केशव देवांगन व मदन साहू ने दी।

### युवती-परिचय सम्मेलन कल

**राजनांदगांव।** ग्राम बम्हनी (सुकुलदैहान) में आदिवासी कंवर समाज विकास समिति परिक्षेत्र संस्कारधानी राजनांदगांव द्वारा तहसील स्तरीय दीपावली मिलन व युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं कंवर गौरव सम्मान समारोह का आयोजन 5 नवंबर को किया जा रहा है। इस सामाजिक एवं संस्कृतिक आयोजन में समाज के शिक्षित व्यवसायिक कृषि, खेलकूद एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उतकृष्ट योगदान देने प्रतिभावान व्यक्तियों का कंवर गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रेरक उद्बोधन एवं सामाजिक संगोष्ठी का भी आयोजन रखा गया है। उक्त जानकारी रवि चंद्रवंशी ने दी।

## एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत किसान ही बेच सकेंगे सरकार को धान

# 3 जिलों के 2.39 लाख किसानों ने कराया पंजीयन, 9 नवंबर से कटेगा टोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान की सरकारी खरीदी से पहले पंजीयन का काम पूरा कर लिया गया है। 31 अक्टूबर तक चले पंजीयन कार्य में तीन जिलों के 2.39 लाख किसानों ने धान बेचने पंजीयन कराया है। हालांकि यह संख्या पिछले साल के पंजीयन आंकड़े से कम है, लेकिन अफसरों का कहना है कि पिछले साल धान बेचने वाले किसानों से अधिक का पंजीयन हो चुका है। इधर पंजीयन के बाद अब टोकन को लेकर भी तैयारी शुरू है। आगामी 9 नवंबर से किसानों को एप एवं समितियों से टोकन दिए जाएंगे।

इधर धान खरीदी से पहले जिलेभर में सोमवार से ट्रायल रन यानि डमी खरीदी की जानी थी, लेकिन समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों के संयुक्त हड़ताल में चले जाने से सोमवार को होने वाले ट्रायल रन पर भी असर देखने को मिला है। हालांकि प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई है। ज्ञात हो कि पिछले एक पखवाड़े से समिति प्रबंधक अपनी मांगों को लेकर विरोध जता रहे हैं। इसी क्रम में अब आज से वे संभाग स्तर के प्रदर्शन को शुरू करने जा रहे हैं। जिसमें कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ भी शामिल हो रहा है।



### जिले में पिछले साल से 5 हजार कम पंजीयन
31 अक्टूबर तक चले पंजीयन कार्य के तहत राजनांदगांव जिले में इस बार 128410 किसान ने पंजीयन कराया है। वहीं पिछले साल 1.33 लाख किसान का पंजीयन हुआ था। हालांकि धान बेचने 125611 किसान ही आए थे। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में इस बार 42038 किसानों का पंजीयन एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 68833 किसानों का पंजीयन हुआ है।

### संभाग स्तर पर आंदोलन शुरू
छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ एवं छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ के संयुक्त आह्वान पर प्रदेश के सभी संभाग में आंदोलन प्रारंभ हो गया है। आज दुर्ग संभाग में सातों जिले के कर्मचारी कम्प्यूटर ऑपरेटर धान खरीदी प्रभारी हड़ताल में शामिल हुए। हड़ताल में सभी जिलों से भारी संख्या में कर्मचारी धरनास्थल पर पहुंचकर अपनी मांगों के संबंध में आवाज बुलंद किया। शासन-प्रशासन स्तर से किसी भी प्रकार की कोई पहल नहीं की जा रही है। जिसके चलते आंदोलन आगे भी जारी रहने की बात कही जा रही है।

### पिछले साल से घट गया खरीदी का टारगेट
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से राजनांदगांव जिले की 96 धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 7 लाख 73 हजार 756 मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य पिछले साल तय किया गया था। जबकि इस बार धान खरीदी के लिए 7 लाख 62 हजार 594 मीट्रिक टन धान का टारगेट रखा गया है। ऐसे में पिछले साल के मुकाबले, जहां किसानों की संख्या कम हुई है। वहीं खरीदी लक्ष्य भी लगभग 11 मीट्रिक टन कम कर दिया गया है। हालांकि पिछले साल जिले में 7 लाख 01 हजार 488 मीट्रिक टन धान की ही खरीदी हुई थी।

### बफर लिमिट में इजाफा
इस बार उठाव को लेकर होने वाली समस्या को देखते हुए कई समितियों के बफर लिमिट को डेढ़ गुना तक बढ़ा दिया गया है। समिति प्रबंधकों से मिली जानकारी के अनुसार पिछले साल तक जहां कम से कम 7 हजार क्विंटल की सीमा बफर लिमिट के लिए तय थी। इस बार इसमें इजाफा करते हुए अब दस हजार क्विंटल को बफर लिमिट बना दिया गया है। वहीं धान उठाव को लेकर भी 31 मार्च की तिथि तय कर दी गई है। ऐसे में समिति प्रबंधकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

### 46 केंद्र संभालेंगे अधिकारी
ज्ञात हो कि इस बार नए नियम के तहत समितियों में अनुविभागीय स्तर के अफसरों को प्रभारी बनाने कहा गया है। राजनांदगांव जिले में 96 धान खरीदी केंद्रों में से 46 केंद्र को अतिसंवेदनशील मानते हुए अनुभागीय स्तर के कर्मचारी को खरीदी प्रभारी बनाया जा रहा है। जबकि शेष 50 खरीदी केंद्रों में समिति प्रबंधकों के जरिये ही धान खरीदी होगी। हालांकि समिति प्रबंधक संघ का कहना है कि यदि खरीदी प्रभारी बनाए जा रहे हैं तो सभी केंद्रों के लिए अनुविभागीय अधिकारियों को प्रभारी बनाया जाना चाहिए।

# मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



दोस्तों का मोबाइल चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 नवंबर को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी व उसके अन्य साथी तीनों पंचतारा होटल में काम करते हैं। तीनों एक ही कमरे में किराये के मकान में रहते हैं। 27 अक्टूबर को तीनों होटल पंचतारा से काम कर खाना खाकर अपने किराये के मकान में आकर सो गए, जब सुबह उठे तो देखे की प्रार्थी एवं उसके साथी प्रशांत सार्वे का मोबाइल कमरा में नहीं है एवं तीसरा अन्य साथी बॉबी कमरा में नहीं है और कमरा बाहर से ताला बंद है। उसका अन्य साथी बॉबी द्वारा प्रार्थी एवं उसका साथी का मोबाइल चोरी का भाग गया है। रिपोर्ट पर धारा 305(ए), 331(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दो मोबाइल जब्त
पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी बॉबी का उसके ठिकाना जामुल रोड लेबर कैम्प भिलाई पर जाकर पता तलाश किया, जो वहां पर उपस्थित मिलने पर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर मेमोरंडम कथन लिया गया। मेमोरंडम कथन के अनुसार अपराध करना स्वीकार करने पर चोरी गए 2 नग मोबाइल को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरूद्ध किया गया।

# प्रकाश पर्व: शहर में निकली शोभायात्रा

## समाज के लोगों ने किया स्वागत, कल मनाया जाएगा प्रकाश पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मानवीय एकता के महान संदेशवाहक, सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरू श्री गुरूनानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व 5 नवंबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इससे दो दिन पूर्व आज शहर के गुरूद्वारा साहिब से श्री गुरूसिंह सभा द्वारा पंज-प्यारों की अगुवाई में नगर-कीर्तन के साथ गुरू ग्रंथ साहिब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में आज शोभायात्रा एवं नगर-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में शबद-कीर्तन करते हुए बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया गया। गुरुद्वारा साहिब से निकली शोभायात्रा शहर के मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन होते हुए विभिन्न मार्गों से होकर वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान समाज के लोगों ने स्वच्छता का संदेश भी दिया और शोभायात्रा के पीछे सड़क पर बिखरे कचरों को उठाकर सेवा दान किया। गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। जिसको लेकर गुरुद्वारे को भव्य और आकर्षक रोशनी से सजाया गया है।

# छत्तीसगढ़ महतारी की उपेक्षा का आरोप, राज्य उत्सव से तस्वीर गायब को लेकर विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर में आयोजित जिला स्तरीय राज्य उत्सव कार्यक्रम में युवा कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ महतारी की उपेक्षा का आरोप लगाया और छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। यहां उन्होंने मंच पर एक कुर्सी में छत्तीसगढ़ महतारी और एक कुर्सी में प्रदेश की पहली महिला सांसद मिनीमाता की तस्वीर रखकर पूजा-अर्चना और शासन प्रशासन पर इनकी उपेक्षा का आरोप लगाया।

छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव की 25वीं वर्षगांठ के अवसर को इस वर्ष भव्यता से मनाया जा रहा है। राजनांदगांव शहर में दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है और कई बैनर-पोस्टर लगाए गए हैं, लेकिन इस बैनर-पोस्टर में कहीं भी छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर नहीं है। यहां तक मंच के बैनर और आमंत्रण कार्ड में भी छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर नहीं लगाई गई है। जिसको लेकर छत्तीसगढ़ महतारी की उपेक्षा किए जाने का आरोप शासन-प्रशासन पर लगाया जा रहा है। कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने कहा कि पूरे राज्य उत्सव के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर नहीं है। जिसका विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य उत्सव का कार्यक्रम है और छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर ही नहीं लगाई गई है।

### कार्यक्रमों का करेंगे विरोध
आगामी 5 नवंबर को शहर के स्टेट स्कूल मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जहां केंद्र सरकार की योजना से लखपति दीदियों का सम्मान होगा। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन भी मौजूद रहेंगे। युवा कांग्रेस द्वारा कहा गया कि इस कार्यक्रम में भी छत्तीसगढ़ महतारी की अपेक्षा की जा रही है। अगर इस कार्यक्रम तक यहां पर छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर नहीं लगाई गई तो इसका विरोध किया जाएगा।

### शासन के खिलाफ नारेबाजी
छत्तीसगढ़ महतारी और मिनीमाता की तस्वीर लेकर छत्तीसगढ़ महतारी की जयघोष करते युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता राज्य उत्सव आयोजन स्थल पर पहुंचे। वहीं आयोजन स्थल में कहीं भी छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर नहीं होने को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर करते नारेबाजी की। इस दौरान संदीप सोनी, अभिमन्यु मिश्रा, विप्लव शर्मा सहित युवा कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## तीन दिवसीय आयोजन, लोगों में उत्साह

# शिवनाथ तट पर आज से मोहारा मेला, जुटेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले का एतिहासिक एवं विशाल मोहारा मेला का आगाज कल 4 नवंबर से प्रारंभ हो जाएगा। तीन दिवसीय चलने वाले इस मेले को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है। मेला स्थल पर पूर्व से ही छोटी-बड़ी दुकानें लग चुकी है। आज भी कई व्यवसायी दुकान सजाने सुबह से देर रात तक जुटे रहे।

ज्ञात हो कि शहर के शिवनाथ नदी तट मोहारा में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन वर्षों से किए जाने की परंपरा रही है, जिसे देखते हुए मेला स्थल में पहुंचने वाले लोगों के लिए सड़क सहित अन्य व्यापक व्यवस्था की गई है।



### व्यापारियों ने सजाई दुकान
इस विशाल मेले को देखते हुए यहां व्यापारियों ने लगभग 15 दिन पूर्व से ही अपनी-अपनी दुकान सजाने की तैयारियां शुरू कर दी है। छोटे-बड़े झूलों के साथ ही होटल, खिलौने, खाद्य सामग्री, गन्ना, सब्जी भाजी, मिठाई सहित विविध प्रकार की दुकान सजाने आज भी कई व्यापारी जुटे रहे। लोगों में उत्साह इतना कि मेला स्थल पर एक दिन पहले से ही आसपास के लोगों की उपस्थिति बनने लगी है। मेला स्थल पर भव्य मंच में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी तैयारियां की जा रही है। मेले के दौरान नंदई चौक से लेकर मोहारा तक लोगों के आवागमन से यातायात का जबरदस्त दबाव बनने की संभावना है।

### मेला स्थल में सड़क सहित अन्य व्यवस्था
जिले के सबसे बड़े इस मेला का भव्य शुभारंभ कल 4 नवंबर को होगा। मेला सुबह से लेकर देर शाम तक 4, 5 व 6 नवंबर तक नियमित रूप से चलेगा। यहां पर्याप्त रोशनी, सड़क, पेयजल सहित अन्य व्यवस्था नगर निगम द्वारा की गई है। पूर्व में शहर के महापौर मधुसूदन यादव ने मेला स्थल का निरीक्षण कर बेहतर व्यवस्था के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए हैं। मेले को लेकर शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से लेकर अन्य जिले के लोगों में भी उत्सुकता बनी हुई है।

### भोर के समय पूर्णिमा स्नान
खासकर कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर को मेला स्थल पर भोर के समय से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति बनेगी। यहां शिवनाथ नदी में स्नान के साथ ही आस्था के दीपदान और पूजा-अर्चना दान-पुण्य का वातावरण निर्मित रहेगा। इसके साथ ही श्रद्धालु दिनभर सपरिवार मेले का आनंद उठाएंगे। आस पास के ग्रामीण इलाकों से बाजे-गाजे के साथ मंडई, ध्वज पताका लेकर पारंपरिक रूप से ग्रामीण भी पहुंचेंगे।

## माय एंगल




संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### राज्योत्सव में दी बैंकिंग सेवा की जानकारी



**खड़गांव।** बैंकिंग सेवाओं को लेकर नीलिमा जैन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में आयोजित राज्योत्सव के पहले दिन विभिन्न विभागों ने योजनाओं की जानकारी देने स्टाल लगाए थे। बैंक ऑफ़ बड़ोदा, एसबीआई, एलआईसी और समर्पित वित्तीय साक्षरता केंद्र, ग्रामीण बैंक ने भी अपने स्टाल लगाए थे। ग्राम की नीलिमा जैन ने इस दौरान बैंकिंग सेवाओं के बारे में ग्रामीणों को प्रभावी तरीके से जानकारी देकर जागरूक किया।

### कानूनी जागरूकता में टिकेश्वरी प्रथम



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में गत 31 अक्टूबर को आपराधिक कानून पर जागरूकता प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कानून जागरूकता प्रदर्शनी में प्रथम स्थान टिकेश्वरी ठाकुर, द्वितीय अंजलि निषाद तथा तृतीय स्थान खोमलता साहु ने हासिल किया। इसी प्रकार क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्रुप ए की गणेश्वरी यादव, गोपेश्वरी कविता और काजल, द्वितीय स्थान में ग्रुप डी के डोमेन्द्र रिमझिम, लिलेश्वर, टालेश तथा तृतीय स्थान में पूजा, दुर्गेश्वरी, उमेश्वरी, दिलेश्वरी ने प्राप्त किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता कंचन साहू, डॉ संजू सिंह, चांदनी पराते, ज्ञानेश्वर देवांगन और ओमप्रकाश सहारे आदि उपस्थित थे।

### कृषि विज्ञान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण



**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा एकादश, द्वादश कृषि संकाय के भैया बहिनों ने कृषि संकाय के आचार्य अनमोल पगारे, हेमा साहू, राजेश्वरी देशमुख के मार्गदर्शन में गत दिनों कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी का भ्रमण किया। इस दौरान प्रक्षेत्र प्रबंधक आशीष गौरव शुक्ला एवं विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान केंद्र के उद्देश्य, कृषि की उन्नत तकनीक, मौसम विज्ञान से सम्बंधित जानकारी दी। कृषि विद्यार्थियों को पंडित शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी में अधिष्ठाता डॉ विनम्रता जैन एवं पादप रोग विशेषज्ञ डॉ नितिन कुमार तुर्रे ने फसल रोग की पहचान, रोकथाम के उपाय, मशरूम उत्पादन के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने कृषि प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। शैक्षिक भ्रमण में दीपांशु, दुर्गेश, दिव्यांश, गौरव, हेमलता, इंदु, महावीर, नमन, निशा, प्राची, प्रीतम, रोहित, साकेत, रोहन, शुभम, जितेन्द्र, दीपा शामिल हुए।

### शिवनाथ नदी तट पर मेला कल

**अंबागढ़ चौकी।** काार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को प्रातः 3 बजे से शिवनाथ नदी में श्रद्धालु स्नान कर प्राचीन षिव मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। पार्षद उमा शंकर निषाद ने बताया कि मंडई मेला समिति एवं नगरवासियों के सहयोग से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंडई मेला का आयोजन किया गया। है। उन्होंने बताया कि रात्रि में लोक गायिका कविता वासनिक कृत लोक कला मंच अनुरागधारा का आयोजन रखा गया है।

## निधन



### प्रेमलता शर्मा

**खुज्जी।** भाजपा नेता कैलाश शर्मा और त्रिलोक शर्मा की माता प्रेमलता शर्मा का 3 नवंबर को निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार थी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, पारिवारिकजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। अंतिम संस्कार के बाद शोकसभा में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।



### ढालचंद महोबिया

**घुमका।** ग्राम पंचायत खपरीखुर्द के पूर्व सरपंच 72 वर्षीय ढालचंद महोबिया का निधन रविवार रात्रि को हो गया। सोमवार को मुक्तिधाम में उनकर अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिवार, समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वह पुरुषोत्तम महोबिया, रवि महोबिया एवं अर्चना महोबिया के पिता थे।

# भूल गए नेता, अनावरण के इंतजार में अटल जी की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना के गौरवशाली 25 साल पूरे होने पर रजत जयंती मना रहा है किंतु 3 करोड़ लोगों के सपने को अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से साकार करने वाले तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को सत्ता की चकाचौंध से घिरे भाजपा नेताओं ने भूला दिया है और उनकी प्रतिमा दो महीने से अनावरण का इंतजार कर रही है।

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की मांग सालों से होते रही है। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने जनता से छत्तीसगढ़ राज्य बनाने का वादा किया था। वादे के मुताबिक एक नवंबर 2000 को राज्य का गठन भी हो गया। छत्तीसगढ़ 25 साल का हो गया है। बीते 25 सालों में लाल आतंक से मुक्त होकर शांति का द्वीप बनने और विकास की अपार संभावनाओं को देखते हुए लोग काफी आह्लादित हैं।

### भुगतान भी लंबित

जानकारी के अनुसार अटल परिसर का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। देखरेख नहीं होने की स्थिति में लाइट की चोरी होने की आशंका को देखते हुए केवल लाईटिंग कार्य नहीं किया गया है। जानकारी के अनुसार इस मद में अब तक एक किश्त की राशि मिली है जिसका भुगतान ठेकेदार को किया जा चुका है। शेष करीब 15 लाख का आबंटन राज्य शासन से अब तक नहीं मिला है। राशि का भुगतान लंबित होने से परिसर के हैंडओवर करने की प्रक्रिया भी नहीं हो सकी है।




### अनावरण का प्रयास जारी

अटल परिसर का निर्माण पूरा हो चुका है। काफी दिनों से अनावरण कराने का प्रयास किया जा रहा है किंतु संबंधितों से समय नहीं मिलने के कारण अनावरण नहीं हो सका है। समय मिलते ही शीघ्र अनावरण कराया जाएगा।

**- विनम्र जेमा,** सीएमओ

### आदर्श हैं अटल जी

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के योगदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वह सभी के आदर्श पुरुष हैं। उनकी प्रतिमा का ससम्मान अनावरण शीघ्र कराया जाएगा।

**- दिना पटेल,** अध्यक्ष मंडल भाजपा

### यादों में अटल जी

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की यादों को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस थाना के पास 20 लाख की लागत से अटल परिसर बनाया गया है। परिसर में दो माह पहले अटल जी की प्रतिमा भी लगा दिया गया है जिसका अनावरण किया जाना दो महीने से लंबित है। उम्मीद की जा रही थी कि राज्योत्सव के मौके पर अटल जी को श्रद्धा सुमन करते हुए प्रतिमा का अनावरण हो जाएगा किंतु नेताओं की अरूचि के चलते ऐसा नहीं हो सका। उल्लेखनीय है कि केन्द्र से लेकर नगर तक चार इंजन वाली सरकार है। सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधि इस कदर चौंधिया गए हैं कि अब वह आदर्श पुरुषों को भी भूलने लगे हैं जिसका ही परिणाम है कि गौरवशाली मौके पर भी उनकी प्रतिमा का अनावरण नहीं हो सका।

### मिनी स्टेडियम में आयोजित हुआ राज्योत्सव

# विकास और सुशासन की ओर बढ़ रहा है छत्तीसगढ़ : साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर किया।

उक्त अवसर पर मंत्री श्री साहेब ने राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में प्रदेश निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी संचालन कर रही है। कृषि प्रधान राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए धान की खरीदी 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से करना तय किया है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना जैसी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, वहीं जरूरतमंद परिवारों के लिए आवास निर्माण और महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

### ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी



### रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों एवं स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक इन्द्रशाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, उपाध्यक्ष भोजेश शाह मांडवी, जिपं सदस्य शांतिबाई त्रिपुरे, शेशवरी धुर्वे, नेहरू राम रजक, सविता तिलक सोरी, नरसिंह भंडारी, लखनलाल कलामे, सुशीला भंडारी, रेखाबाई कोठरी, जनपद अध्यक्ष मोहला गैंदकुवर, जनपद अध्यक्ष मानपुर पुष्पाबाई मंडावी, जनपद अध्यक्ष अं.चौकी पुनउराम राम फुलकंवरे, गजेन्द्र पुरामे, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह, डीएफओ दिनेश पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

### स्टालों का लिया जायजा

राज्योत्सव के मौके पर विभिन्न विभागों ने विभागीय योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार के लिए आकर्षक प्रदर्शनी लगाई थी जिनका मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने अवलोकन किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास, जिला कौशल विकास प्राधिकरण, आदिवासी विकास विभाग, श्रम विभाग, स्कूल शिक्षा, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन विभाग, वन विभाग, जल संसाधन, समाज कल्याण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला अग्रणी बैंक नेयोजनाओं की जानकारी जनसामान्य को दी। मौके पर मंत्री श्री साहेब ने छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत निशुल्क साइकिल, मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत दो हितग्राही को मोटरसाइकिल एवं आईस बॉक्स तथा एक हितग्राही को चारपहिया वाहन प्रदान किया।

### नक्सलमुक्त बनाने का प्रयास

तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री श्री साहेब ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश को नक्सलमुक्त बनाने की दिशा में ठोस कार्य किए जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य है कि दूरस्थ अंचलों तक शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की सुविधाएँ पहुँचे।

## 174 को मिला जमीन का मालिकाना हक



हरिभूमि न्यूज ⏭ टाटेकसा

भू स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को भूमि का मालिकाना हक प्रदान किया जा रहा है। योजना के तहत ग्राम पंचायत तेलीनबांधा में कार्यक्रम आयोजित कर 174 परिवारों को भू स्वामी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव थी। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति अनीता मंडावी ने की। छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जनप्रतिनिधियों ने स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि भू स्वामित्व योजना ने गांव में नई उम्मीद जगाई है। अब ग्रामीण अपनी जमीन के मालिक बनकर विकास के अवसरों का लाभ उठा सकेंगे। यह योजना ग्रामीणों को आत्मसम्मान और आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान कर रही है। जिला पंचायत सभापति श्रीमती मंडावी ने कहा कि भू स्वामित्व योजना ग्रामीणों के लिए वरदान है। इस योजना से न केवल भूमि विवाद खत्म होंगे, बल्कि ग्रामीणों को संपत्ति का अधिकार मिलेगा।

### ग्रामीणों में खुशी की लहर

इस अवसर पर ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी झलक दिखाई दी। लाभार्थी परिवारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गायत्री चन्द्रवंशी, धन्ना यादव, देवानंद सहारे, शंकर साहू, विजेन्द्र वैष्णव, भानबाई गंधर्व, मालती चन्द्रवंशी, डिगेश्वरी कंवर, अमृता बाई, नायब तहसीलदार वसीम सिद्धिकी, स्मित सिंह, विनोद मेश्राम, हरिराम निषाद समेत अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कला मंच और सड़क का भूमिपूजन



**छुरिया।** ग्राम पंचायत टीपनगढ के आश्रित ग्राम छुरियाडोंगरी में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा की मांग पर सांसद संतोष पांडे ने कलामंच सह कक्ष निर्माण के लिए 5 लाख एवं सीसी सड़क केशोखरी हेतु 5 लाख की स्वीकृति दी थी। स्वीकृत कार्य का गत दिनों भाजपा नेता एमडी ठाकुर के आतिथ्य और जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा की अध्यक्षता में भूमिपूजन किया गया। विशेष अतिथि प्रशांत ठाकुर, बीरमबाई मंडावी, स्वाति मंडावी थी। इस मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि निर्माण और विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान, पर्यावरण और मानवीय मूल्यों का उत्थान भी आवश्यक है। जनपद अध्यक्ष ने कहा कि देश में निर्माण और विकास कार्य निरंतर चल रहे हैं। सरकार द्वारा ग्रामीण विकास की दिशा में सड़क, रेल, बिजली, जल और डिजिटल सेवा का विकास किया जा रहा है। इस अवसर पर डोमेन पटेल, राजेश्वर ध्रुवे, नैनसिंह पटेल, अशोक सेन, रूपलाल मंडावी, संतराम कोर्राम, राधेलाल साहू, पीतांबर, रजलाल मंडावी, नीलकंठ मंडावी सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## डांस स्पर्धा का रंगारंग आयोजन



**खड़गांव।** तुलसी युवा संगठन ठाकुरटोला ने तुलसी विवाह के मौके पर रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजित किया। प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यकम का शुभारंभ अतिथियों के सम्मान से किया गया। अतिथियों ने सभी कलाकारों को मोटीवेट करते हुए आयोजन समिति का धन्यवाद दिया। प्रतियोगिता में सामूहिक वर्ग में प्रथम जय मां बंजारी डांस ग्रुप जांजगीर चांपा, द्वितीय बाल गोपाल लोहत्तर, तृतीय सखी डांस ग्रुप पुचाटोला, चतुर्थ मोर माटी के खुशबू डौंडी, युगल वर्ग में प्रथम खिलावन एवं करीना खैरागढ़, द्वितीय मनीषा एवं टेमिका डोंगरगांव, तृतीय धरोहर डांस मार्री और चतुर्थ मिताली एवं दामिनी देवरी बंगला रही। एकल डांस में प्रथम संध्या जामडी, द्वितीय पिंकी बंजारे डोंगरगांव, तृतीय भावना सिन्हा राजा खुज्जी और चतुर्थ स्थान पर विद्या टांडिया भैसाराटोला रही। विजेताओं को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन जिला बालोद अध्यक्ष विजय जैन मित्तल ने डांस विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

### सतत प्रयास से कला को दिया नया लुक

# राज्योत्सव में डोंगरगांव की ख्याति वैष्णव की कला को मिली प्रसिद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

राज्य स्थापना के गौरवशाली 25 साल पूरे होने पर राजधानी में आयोजित रजत जयंती समारोह में नगर की बेटी ख्याति वैष्णव की कला धर्मिता काफी ख्याति बटोर रही है। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि 17 वर्षीय ख्याति ने अपनी कला का प्रदर्शन करने का पहली बार प्रयास किया और राज्योत्सव का हिस्सा बनने में कामयाब हुई।

जानकारी के अनुसार नगर के हीरेंद्र वैष्णव की बेटी ख्याति वैष्णव जब नवमीं की पढ़ाई कर रही थी तब से मिट्टी, सिरेमिक के बर्तनों में पेंटिंग करते आ रही है।

इसी बीच ट्रेडिशन बर्तनों को नया लुक देने का विचार उसके मन में आया और उसने यू ट्यूब को देखकर अपनी कोशिश आरंभ किया। बीते तीन सालों में ख्याति सिद्ध हस्त कलाकार की तरह पेंटिंग करने लगी है।



### पहले प्रयास में कामयाबी

करीब तीन साल से अपनी रूचि और स्वयं के प्रयास से कला क्षमता को निखारने जुटी ख्याति ने इससे पहले किसी भी सरकारी या निजी तौर पर आयोजित होने वाले आयोजन में हिस्सा नहीं लिया था। राज्योत्सव का हिस्सा बनने के लिए आन लाइन आवेदन किया था जिसमें उसका चयन भी हो गया। चयन के बाद ख्याति और उसकी बड़ी बहन याशिता राजधानी में आयोजित राज्योत्सव में शामिल होकर अपनी संस्था क्रयती पैलेट के माध्यम से पारंपरिक चित्रकला, आर्ट पेंटिंग, बॉटल आर्ट और लोककला से जुड़ी विविध कलाकृतियाँ का प्रदर्शन हमारी कला, हमारी पहचान थीम पर कर रही है।

### बहन का भी सपोर्ट

ख्याति ने बताया कि उसकी बहन याशिता वैष्णव ने आगे बढ़ने में काफी मदद की। स्नातक कर चुकी याशिता भी जरूरत पड़ने आइडिया देने के साथ उसके काम में हाथ बंटाती है।

## प्रभातफेरी के बाद नगर कीर्तन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

श्री गुरूनानक देव के प्रकाष पर्व निमित्त नगर में एक सप्ताह पूर्व प्रारंभ की गई प्रभात फेरी का सोमवार को समापन हुआ। कल मंगलवार को प्रकाश पर्व पर भव्य शोभायात्रा एवं नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है। नगर में सिख पंथ एवं सर्वसमुदाय द्वारा श्री गुरूनानक देव का प्रकाश पर्व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। गुरूद्वारा प्रबंध कमेठी के अध्यक्ष हरजीत सिंह भाटिया एवं ज्ञानी जगजीत सिंह अरोरा ने बताया कि गुरूनानक देव के प्रकाश पर्व के निमित्त 28 अक्टूबर से नगर में प्रभात फेरी निकाली जा रही थी। प्रभातफेरी प्रतिदिन प्रातः 5 बजे गुरूद्वारा साहेब से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण बाद वापस गुरूद्यद्वारा साहेब में समाप्त होती थी। प्रतिदिन गुरूवाणी एवं शबद कीर्तन किया जा रहा था। गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष श्री भाटिया ने बताया कि मंगलवार को नगर में नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है। पंच प्यारो की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## मड़ई मेले का आयोजन कल

**तुमडीबोड़।** ग्राम कोपेडीह में हनुमान मंदिर के पास कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 5 नवंबर को मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए फूल मोगरा नाच पार्टी ग्राम बामी का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम के कोमल साहू, टेलनसिंग वर्मा ने यह जानकारी देते हुए अंचल के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

**मुरमुंदा।** ग्राम पिपरिया में नदी किनारे मेला मंडाई का आयोजन 5 नवंबर को रखा गया है। ग्राम के नरोत्तम कंवर एवं भीखम कंवर ने बताया कि रात्रि में महतारी के आशु संसारगढ़ का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने आसपास के लोगो को आने की अपील की है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भोथीपारखुर्द में एक दिवसीय शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** पशुधन विकास विभाग के निर्देशानुसार ग्राम भोथीपारखुर्द पुराना में एक दिवसीय निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा शिविर में ग्राम के सभी किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में 110 पशुओं का उपचार किया गया। इसी तरह दवा वितरण 150, बंध्याकरण 32, किलनी जू-नाशक दवा छिड़काव 150, कृमिनाशक दवापान 115, गर्भ परीक्षण 1, बांझपन उपचार 1, ब्लड सैंपल 10, सीरम सैंपल 10, फिकल सैंपल 25 आदि कार्य किया गया। शिविर का लाभ 32 कृषकों ने लिया। शिविर से 136 पशुओं को लाभ हुआ। शिविर में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार शंखवार, पशु परिचारक देवानंद मेश्राम, दीपेंद्र सोनबोईर, ग्राम के किसान उमेश साहू, धन्नालाल साहू, राजेश यादव, गजाधर यादव, मुकेश यादव, दीनूराम यादव, रितेश साहू, केजनाथ यादव उपस्थित थे।

### निर्णायक बनी सपना




**राजनांदगांव।** समग्र शिक्षा विभाग रायपुर द्वारा 28 से 31 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव में राजनांदगांव जिले की शिक्षिका सपना सिंह लोक गायन में निर्णायक रही। यह स्पर्धा स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचान और उसे प्रेरित करने और कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य किया गया है, जहां नाट्य कला, संगीत वादन, नृत्य, गायन पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। श्रीमती सपना सिंह शा. पूर्व मा. शाला ओडारबांध विकासखंड डोंगरगांव में पदस्थ है।

### राष्ट्रीय सद्भावना एकता दौड़ का आयोजन

**राजनांदगांव।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस तथा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राजनांदगांव द्वारा जिले के विद्यालयों में राष्ट्रीय सद्भावना एकता दौड़ का आयोजन किया गया तथा राष्ट्रीय एकता एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में स्काउट्स-गाइड्स रोवर्स रेंजर्स एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## लिमऊटोला की घटना, दो दर्जन के आसपास भर्ती

# मृत्यु भोज खाना पड़ा महंगा उल्टी दस्त से एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मृत्यु भोज में खाना पीना लिमऊटोला के ग्रामीणों को महंगा पड़ा। दो दर्जन के आसपास सरकारी अस्पताल मे भर्ती है तो एक व्यक्ति की आज सुबह सिविल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

जानकारी अनुसार लिमऊटोला की 50 साल की अविवाहित महिला गायत्री पिता बहल धुर्वे को परिजन 20 अक्टूबर को सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहॉ उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत मेडिकल कालेज रिफर कर दिया था। देर रात इलाज के दौरान वहॉ उसकी मौत हो गई जिसके कार्यक्रम में 31 अक्टूबर को लोग लिमऊटोला पहुंचे जहॉ उसके भतीजे सुनील कुमार के यहां मृत्यु भोज का कार्यक्रम रखा गया था। दोपहर में सभी ने भोजन किया और शाम होते होते उल्टी दस्त की शिकायत आने लगी। आनन फानन में लगभग एक दर्जन लोग पांडादाह अस्पताल पहुंचे जहॉ उनकी स्थिति को देखते हुए कुछ को सिविल अस्पताल रिफर किया गया और कुछ को वही रखकर इलाज किया गया। इसी दौरान अमरीका बाई 50 साल और उसके बेटे गुप्तेश्वर धुर्वे 20 साल को तबियत ज्यादा खराब होने पर मेडिकल कालेज रिफर किया गया जबकि आधा दर्जन से उपर लोगों का इलाज सिविल अस्पताल में जारी है इसी दौरान आज सुबह 45 साल के समारू पिता सुखरू धुर्वे की तबियत अचानक ज्यादा खराब हो गई और इलाज के दौरान ही उसकी सांस उखड़ गई।

जानकारी अनुसार इस समय एक दर्जन से उपर मरीजों को पांडादाह में और आधा दर्जन से उपर लोगों का इलाज सिविल अस्पताल में जारी है और सभी की स्थिति खतरे से बाहर स्थिर बनी हुई है।



### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डाला डेरा

डायरिया फैलने की जानकारी मिलने के बाद से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लिमऊटोला में डेरा डाल दिया है। प्रारंभिक उपचार करने के बाद सुधार नही होने की दशा मे पांडादाह या सिविल अस्पताल भेजा जा रहा है। सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा, बीएमओ डॉ विवेक बिसेन और डॉ रितुराज सिंह ने लिमऊटोला पहुंचकर स्थिति का जायजा लेकर ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील की है वही विभागीय स्टाफ को लगातार मानिटरिंग करने कहा है। जिपं सदस्य अरूणा सिंह बनाफर ने भी गांव पहुँचकर हालात का जायजा लिया और स्वास्थ्य विभाग को सजग रहकर काम करने कहा है। विभाग का मानना है कि कार्यक्रम स्थल सुनील धुर्वे के घर में शौचालय और बोर पंप महज कुछ कदम के फासले पर होने के कारण पानी दूषित हो गया और ज्यादातर संभावना दूषित जल के सेवन से डायरिया फैलने का है।

# सूचना के अधिकार अधिनियम की नगर पालिका उड़ा रही धज्जी

## जवाब देने में कर रहे आनाकानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सरकारी कामों में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार से बचाव के लिए सरकार ने 2005 मे सूचना का अधिकार अधिनियम लागू किया, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ही इस अधिनियम की धज्जियां उड़ाने में लगे हुए है।

- मियाद पूरी होने के चार दिन पहले उपरोक्त जानकारी का अवलोकन करने संबंधी दी जानकारी

ताजा माला नगर पालिका परिषद खैरागढ़ का है जहॉ जफर उल्लाह खान ने 27 अगस्त 25 को तीन अलग-अलग विषयों पर निर्धारित शुल्क जमा कर आवेदन लगाकर सत्यापित छायाप्रति की मांग की, लेकिन जिम्मेदार सहयक जनसूचना अधिकारी ने एक महीने की मियाद पूरी होने के चार दिन पहले 25 सितंबर 25 को जवाब दिया कि उनके द्वारा जल प्रदाय, विद्युत शाखा और पंप मरम्मत से संबंधित जानकारी 750 पन्नों से ज्यादा है इसलिए वो उपरोक्त जानकारी का कार्यालय आकर अवलोकन कर सकते है जबकि जफर उल्लाह खान ने अपने तीनों आवेदनों में स्पष्ट रूप से सत्यापित छाया प्रति की मांग की है हालांकि उन्होंने इस संबंध में 15 अक्टूबर 25 को जनसूचना अधिकारी के पास अधिनियम के नियम और उपनियमों का हवाला देते हुए पारदर्शिता और सुलभता के सिद्धांतो का उल्लंघन, आवेदन की प्रकृति व उद्देश्य की अनदेखी की बात के अपील कर निशुल्क सत्यापित छायाप्रति, तीनों आवेदनों के पृथक-पृथक जवाब और संबंधित सहायक जनसूचना अधिकारी पर कारवाई की मांग की है, लेकिन लगभग 20 दिन होने को है अपीलीय अधिकारी कार्यालय से कही कोई जवाब नही आया है।

### राज्य आयोग एवं कोर्ट जाने की तैयारी

आवेदक जफर उल्लाह खान ने बताया कि उन्होंने इन तीन आवेदनों के अलावा आरटीआई में 14 जनवरी 25 को आपात निधि मरम्मत संधारण के लिए मिली राशि के व्यय संबंधी सभी कार्यालयीन प्रक्रिया की सत्यापित छाया प्रति मांगी है, लेकिन आज दिनांक तक अपील करने के बाद भी कोई जवाब नपा ने नही दिया है। इसी तरह 3 अप्रैल को जल कष्ट निवारण के लिए मिली राशि और 26 जून 25 को आपात निधि से मिली लाखों रूपयों के खर्च का संपूर्ण विवरण अधिनिमय तहत निर्धारित राशि जमा कर मांगी है, लेकिन पांचों आवेदनों की तरह इस आवेदन में भी अपील के बाद नगर पालिका ने कोई प्रतिउत्तर नही दिया है। जफर उल्लाह खान ने बताया कि सरकार ने सरकारी कामों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और काम में पारदर्शिता लाने सहित आम आदमी द्वारा कर के रूप मे दिए पैसों से संपादित सरकारी कामों की जानकारी सार्वजनिक करने के उद्देश्य से अधिनियम लागू किया है, लेकिन निज स्वार्थ के चलते अधिनियम की धज्जियॉ उड़ रही है। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि तक अपीलीय अधिकारी द्वारा जानकारी उपलब्ध नही कराने पर वो राज्य आयोग तक जाएंगे और तब भी बात नही बनी तो कोर्ट का रूख करेंगे।

# अवैध शराब कोचियों पर बड़ी कार्रवाई

- 37 लीटर कच्ची महुआ शराब व दो बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

पुलिस टीम केसीजी द्वारा अवैध शराब, जुआ और सट्टा जैसे सामाजिक अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को बड़ी कार्यवाही की गई। थाना दिवस के दौरान ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के बाद पुलिस ने खुड़मुड़ी जंगल क्षेत्र में दबिश देकर तीन अलग-अलग स्थानों पर छापा मारा।

कार्यवाही के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 37 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमत 7,400 तथा दो मोटरसाइकिल कीमत 55,000 जब्त की गई। जब्त संपत्ति की कुल कीमत 62,400 आँकी गई है।



### तीन आरोपी गिरफ्तार

अवैध शराब को लेकर छुईखदान पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिसमें दयानंद सेन उर्फ देवा (26 वर्ष) निवासी खुड़मुड़ी से 15 लीटर शराब और मोटरसाइकिल जब्त किया गया। हरे सिंह धुर्वे (27 वर्ष) निवासी बांधाटोला थाना मोहगांव से 10 लीटर शराब जब्त, किया गया। प्रेम सिंह धुर्वे (23 वर्ष) निवासी बांधाटोला थाना मोहगांव से 12 लीटर शराब और मोटरसाइकिल जब्त की गई। तीनों आरोपियों के विरुद्ध अलग-अलग अपराध क्रमांक 413/2025, 414/2025, 415/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया और उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार ग्रामीणों की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए यह रेड की गई है।

# चोरड़ाधाम में पूर्णिमा मेला आज और कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों में एक चोरड़ाधाम में कल मंगलवार एवं बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन किया गया है। चोरडाधाम का पुन्नी मेला काफी प्राचीन है।

वनांचल के लोग बड़ी संख्या में मेला में शामिल होते हैं। बीते दिवस डोंगेश्वर महादेव समिति के संरक्षक लाल टारकेश्वर साह खुसरो, अध्यक्ष आनंद पटेल, सचिव गणेश राम वर्मा एवं सदस्यों की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर मेला की रूपरेखा तैयार की गई है। दो दिवसीय मेला के दौरान हजारों शिव भक्तों का रेला कल सुबह से लगेगा। लोग शीतल जल कुंड में स्नान कर डोंगेंश्वर महादेव का दर्शन एवं पूजा अर्चना करेंगे।



### आस्था की लगेगी डुबकी

प्राचीन चोरड़ाधाम में सदियों से चट्टानों के मध्य से गौमुख से होते हुऐ शिवलिंग में निरंतर गिरता जल लोगों की आस्था को बनाया हुआ है। कल हजारों श्रद्धालु शीतल जल में स्नान कर शिव की अराधना करेंगें। यहां दो गुफा भी है, लेकिन ऐतिहात के तौर पर इसे हमेशा बंद रखा जाता है। वही मैकाल पर्वत की चट्टानें एवं हरे भरे वृक्ष पर्यटकों के मन को मोह लेता हैं।

### सड़क की मांग अब तक अधूरी

साल्हेवारा नर्मदा मुख्य मार्ग से चोपड़ाधाम को जोड़ने वाली सड़क को पक्की करने की मांग अब तक अधूरी है। काफी लम्बे समय से इस कच्चा मार्ग को पक्का बनाने की मांग हो रही है। इस कच्चा मार्ग में अनगिनत गड्ढे व उबड खाबड़ है, जो पर्यटकों को परेशानी में डाल देता है। इस कच्चा मार्ग की लम्बाई महज एक किलोमीटर की है। जिसे डामरी करण करने का आश्वासन बस मिलता आ रहा है।

### मेला का उठाएंगे लुफ्त

कार्तिक पुन्नी पर आयोजित यहां का दो दिवसीय मेला काफी आकर्षक होता है। समिति द्वारा मेला में सजने वाले पूजा सामग्री, जलपान, खिलौने, झूला, कपड़ा आदि दुकान को व्यवस्थित तरीके से लगाने दिशा निर्देशित किया गया है, ताकि मेला में उमड़ने वाली भीड़ को व्यवस्थित किया जा सकें। सुरक्षा के लिए पुलिस के जवानों की भी तैनाती रहेगी। वही समिति द्वारा दो दिन तक शिव लिंग का रूद्र अभिषेक, रामायण पाठ, सामुहिक आरती सहित अन्य धार्मिक आयोजन किया जायेगा।

# मां महामाया मंदिर में ज्योति कलश भवन का भूमिपूजन

- माता की कृपा से क्षेत्र में खुशहाली : देवराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

मां महामाया मंदिर कोड़का परिसर में समिति द्वारा आज ज्योति कलश भवन का भूमि पूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मां महामाया मंदिर के संरक्षक देवराज किशोर दास वैष्णव, जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश वर्मा, सरपंच संदीप वैष्णव, मंदिर अध्यक्ष प्रेमलाल वर्मा, कोषाध्यक्ष धनेश वर्मा सहित अमीर लाल सेन, घना राम, बाला राम साहू, संतोष दिशालहरे, संजय मार्कण्डेय तथा मंदिर पुजारी गोविंद महाराज उपस्थित रहे। संरक्षक देवराज किशोर दास वैष्णव ने कहा कि मां महामाया की सिद्ध पीठ में इस भवन का निर्माण कार्य आरंभ होना माता की कृपा का प्रतीक है। हमे मां महामाया मंदिर की सेवा करते रहना चाहिए।



जनपद अध्यक्ष के प्रतिनिधि प्रकाश वर्मा ने कहा कि मां महामाया की कृपा से हम सभी स्वस्थ और सुखी जीवन व्यतीत कर रहे हैं, माता की कृपा सदैव क्षेत्र पर बनी रहे। ग्राम पंचायत सरपंच संदीप वैष्णव ने कहा कि आज हम सब मिलकर ज्योति कलश भवन निर्माण की आधारशिला रख रहे हैं, जो मंदिर विकास का एक नया अध्याय होगा।

# पंचायतों में राज्योत्सव की धूम, अटल को किया याद

**डोंगरगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायतों के सरपंचों की अगुवाई में पंचायत पदाधिकारियों, महिला मंडल, युवा मंडल एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के स्वप्न दृष्टा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के नाम पर निर्मित अटल स्तंभ में श्रद्धा पूर्वक पूजन-अर्चन कर कृतज्ञता व्यक्त किया गया।



इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए राज्य निर्माण में उनके योगदान के बारे में बताया गया। राज्य के गौरवशाली अतीत एवं वैभवशाली सांस्कृतिक विरासत पर चर्चा करते हुए राज्य निर्माण के पश्चात 25 वर्षों की विकास यात्रा एवं उपलब्धियों के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। बताया गया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना से ग्रामीणों के जीवन में आमूल चूल परिवर्तन आया है। ग्राम पंचायतों में राज्योत्सव मनाने के बाद सभी 76 ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण राज्योत्सव मे शामिल होने रायपुर गए। राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन करते हुए उनके उद्बोधन का श्रवण किया गया।

## लोकनृत्य, गीत और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की हुई प्रस्तुति

# जिला स्तरीय राज्योत्सव में बिखरी सतरंगी छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राज्य स्थापना की 25 वे वर्षगांठ पर फतेह मैदान में तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन का शुभारंभ खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पांडेय ने किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के नेतृत्व में प्रदेश आज सर्वांगीण प्रगति की दिशा में तेजी से अग्रसर है। पिछले 25 सालो में आम जनजीवन में व्यापक परिवर्तन आया है, अब प्रदेश की पहचान देश के विकसित राज्यों में की जाती है। उन्होंने कहा कि यह वर्ष हम सबके लिए विशेष महत्व का है, क्योंकि हम राज्य गठन की रजत जयंती मना रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने राज्य बनाकर प्रदेशवासियों का सपना साकार किया था। राज्य सरकार इस वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य ने



अंजोर विजन डॉक्युमेंट 2047 तैयार किया है, जो आने वाले सालों में विकास का मार्गदर्शक बनेगा। मुख्य अतिथि ने राज्य निर्माण में योगदान देने वाले सभी जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बीते सालों में आवास, कृषि, धान खरीदी, महतारी वंदन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक़, बिजली, सिंचाई तथा जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि राज्योत्सव प्रदेश की संस्कृति, विकास और गौरव का प्रतीक है। जिला गठन बाद से यहां के प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आयोजन के पहले दिन प्रथम दिवस में स्कूली छात्र-छात्राओं, लोक कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा और वाद्य यंत्रों के साथ छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ महतारी और हमर छत्तीसगढ़ जैसे लोकनृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र बने। इस दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधियो सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों ने देखी चित्रकला व प्रदर्शनी

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस को लेकर आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव मे विभागीय प्रदर्शनी स्टॉलों और चित्रकला प्रतियोगिताओं में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। विधायक यशोदा वर्मा ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मैदान में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कृषि, उद्योग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित अनेक विभागों द्वारा प्रदर्शित योजनाओं की जानकारी ली और अधिकारियों से जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक पहुंच के बारे में चर्चा की। उन्होने प्रतिभागियों की कला एवं नवाचार की प्रशंसा की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, जनपद अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी, पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू, खम्मन ताम्रकार, भागवत शरण सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### विभागीय प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

राज्योत्सव समारोह स्थल पर शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास, वन एवं जलवायु परिवर्तन, आदिवासी विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, क्रेडा, विद्युत वितरण, जल संसाधन, लोक निर्माण, जनसंपर्क तथा पुलिस विभाग सहित अनेक विभागों ने अपनी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई। इन स्टॉलों पर नागरिकों ने शासन की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की।

### प्रतिभाओं ने बिखेरा रंग

आयोजन के पहले दिन नवीन कालेज जालबंधा द्वारा लोकनृत्य और हमर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक झलक की प्रस्तुति दी गई। वीरांगना अवंतीबाई कालेज छुईखदान द्वारा समूह नृत्य और कर्मा नृत्य, रानी रश्मि सिंह कालेज खैरागढ़ द्वारा बरसाती रिमिक्स नृत्य और पॉलिटेक्निक कालेज द्वारा पंथी, कर्मा, ददरिया जैसे सामूहिक नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इंदिरा कला संगीत विवि के विद्यार्थियों ने लोकनृत्य और भरतनाट्यम प्रस्तुति के माध्यम से राज्यगीत को साकार रूप में प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

# संडी हाईस्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित



**सड़क अतरिया।** विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल संडी में सोमवार को सरस्वती सायकिल योजना के तहत छात्राओं को सायकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे खैरागढ़ पूर्व विधायक कोमल जंघेल शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने किया। इस मौके पर श्री जंघेल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि योजना के तहत छात्राओं को उच्च स्तर की शिक्षा पाने में अड़चन नहीं हो रही है। साइकिल में घर से स्कूल की दूरी कम हो गई है। श्री ताम्रकार ने कहा कि योजना से साइकिल पाकर छात्र हर्षित है। गरीब परिवारों ने लिए यह योजना काफी लाभप्रद साबित हुई है। कार्यक्रम में जनपद सभापति डोमार सिंह भेड़िया, मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, भीखू हिरवानी, नेतराम जंघेल, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल, स्कूल जनभागीदारी के अध्यक्ष प्रकाश वर्मा, सरपंच कैलाश वर्मा, रमेश जंघेल, प्रेमलाल जंघेल, मोहन वैष्णव, रोशन जंघेल, प्रकाश गोलू, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बालकिशन जंघेल, लेख राम शिवहरे सहित पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक एवं ग्रामीण सामिल हुए।

## सार समाचार

### आईटीबीपी ने दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**राजनांदगांव।** 27वीं बटालियन भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने अपने अभियान क्षेत्र के सुदूर गांवों से युवाओं के तीन दलों को शैक्षिक भ्रमण पर रवाना किया। इनमें 20 युवाओं को 31 अक्टूबर को शैक्षिक भ्रमण हेतु चंडीगढ़, 01 नवंबर को 20 युवाओं को भुवनेश्वर (उड़ीसा) एवं 40 युवाओं को 02 नवंबर को कोझिकोड (केरल) हेतु रवाना किया गया है। इन दलों में 40 युवक और 40 युवतियां शामिल हैं। वर्ष 2022-23 से अभी तक 14वें, 15वें एवं 16वें आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम सह शैक्षिक एवं जागरूकता भ्रमण कार्यक्रम के तहत 27वीं एवं 44वीं वाहिनी आईटीबीपी द्वारा 155 बालक एवं 156 बालिकाओं कुल 300 से ज्यादा युवाओं को देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों औद्योगिक नगरों एवं महानगरों का सफलतापूर्वक शैक्षणिक भ्रमण संपन्न करवाया जा चुका है।
चेक-मोहला पीआरो- 1 नवंबर

### रजत जयंती वर्ष पर नई खुशियों की सौगात

**मोहला।** 1 नवम्बर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर नवा रायपुर में आयोजित भव्य राज्योत्सव समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत प्रदेश के लाखों हितग्राहियों को नई सौगात दी। इस अवसर पर मोहला जिले के 4 हजार 500 हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया।

जिला स्तर पर यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिले की समस्त 185 ग्राम पंचायतों में स्थानीय स्तर पर भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सभी आवासों को आकर्षक रंगोली सज्जाए दीप प्रज्वलन एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को आभार पत्र खुशियों की चाबी एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

### गरीबों के ठेले हटाकर कौन सा विकास दिखा रहे



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय रजत जयंती समारोह मनाया जा रहा है। इसकी तैयारियों के लिए प्रशासन द्वारा आसपास खासकर अतिथियों के आने वाले रास्ते के सभी ठेलों और टपरियों को हटवाया जा रहा है। उक्त कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने कहा कि गरीबों के रोजगार का साधन हटवाकर जिला प्रशासन व सत्तारूढ़ भाजपा न जाने कौन सा विकास दिखाना चाहते हैं। गरीबी हटाओ का नारा देने वाले आज गरीबों को ही हटाने पर आमादा हैं क्या? वे यह चाहते हैं कि राजनांदगांव आने वाले विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और महापौर मधुसूदन यादव के अतिथियों को कहीं गरीब न दिख जाए।

### लाटरी से 12 हितग्राहियों को आवास आबंटन



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन की संवेदनशील पहल मोर मकान मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना साकार करने किरायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रक्रिया कर आवेदन आमंत्रित किया गया। पात्र हितग्राहियों को महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर 31 अक्टूबर को ननि सभागृह में शैकी बग्गा, डीलेश्वर साहू, आलोक श्रोत्री, कुलेश्वर ध्रुव, सेवक उईके, सतीश साहू, सुषमा साहू, राकेश नंदे, हितेश ठाकुर की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 12 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पूर्व में 217 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है।मोहारा में निर्माणाधीन 870 आवास में 4, रेवाडीह में 340 पूर्ण आवास में 1 व निर्माणाधीन 258 अपूर्ण आवास में 7, इस प्रकार कुल 12 आवेदकों के स्वयं के आवास का सपना सकार हुआ।

### पुरानी टोकनी, सुपा, झउहा को जलाकर तापी भूर्री



**राजनांदगांव।** संस्कारधानी की संस्था बैगा ग्रुप राजनांदगांव द्वारा 01 नवंबर देवउठनी एकादशी पर तुलसी विवाह के साथ ही पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भूर्री जलाकर शीत ऋतु का स्वागत रात्रि में किया गया। वहीं बैगा ग्रुप के लोक कलाकरों ने राज्य के स्थापना दिवस व रजत जंयती पर अपनी प्रस्तुति भी दी। बैगा ग्रुप द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया कि बैगा ग्रुप ने अपनी 40 साल से भी अधिक समय से छत्तीसगढ़ की पौराणिक परंपरा देवउठनी एकादशी पर भगवान सालिगराम व तुलसी माता के विवाह पश्चात भूर्री जलाने की प्रथा को इस बार भी आयोजित किया। इस बार 01 नवंबर को देवउठनी एकादशी के अवसर पर मान्यता अनुरूप पुरानी टोकनी, सुपा, झउहा को एकत्रित कर बैगा ग्रुप ने अपने नियमित बैठक स्थल पर रात्रि में भूर्री प्रज्वलित कर शीत ऋतु के आगमन का स्वागत किया। वहीं इस अवसर पर एक दूसरे को तुलसी विवाह की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर नारायण सोनी, राजेश मारु, हर्ष कुमार बिंदू, गणेश प्रसाद शर्मा, विष्णु कश्यप, योगेश टुक्का, मनोज सेन, पंकज शर्मा व अन्य लोग उपस्थित थे।

## राज्योत्सव में साइबर क्राइम के प्रति किया जा रहा सतर्क

# पुलिस स्टॉल में सशस्त्रों का प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ रजत उत्सव राज्योत्सव के अवसर पर जिला पुलिस द्वारा मुनिस्पल स्कूल मैदान में लगाया गया जागरूकता स्टाल, यहां पहुंचने वालों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

छत्तीसगढ़ रजत उत्सव-राज्योत्सव के अवसर पर 2 नवंबर को म्युनिसिपल स्कूल मैदान में स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिला पुलिस बल राजनांदगांव द्वारा सायबर सेल, यातायात शाखा, आरमोर्र शाखा की संयुक्त टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।

### पाम्पलेट वितरण कर किया जागरूक

जिसमें सायबर सेल द्वारा बच्चों एवं नागरिकों को 1500 से अधिक पाम्पलेट वितरण कर एवं लाउड स्पीकर में सायबर अपराध की जानकारी एवं इससे बचने के तरीके व सायबर अपराध घटित होने पर 1930 हेल्प लाइन पर डायल कर फ्रॉड की शिकायत दर्ज करवाने के संबंध में बच्चों एवं लोगों को जागरूक किया गया। यातायात शाखा द्वारा यातायात व्यवस्था में लगने वाले आधुनिक उपकरणों के संबंध में इंसट्रूमेंट को दिखाकर डेमो दिया गया। साथ ही यातायात नियमों के बारे में बताकर 1000 से अधिक पाम्पलेट वितरण कर बच्चों एवं लोगों को जागरूक किया गया।



### बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2025 में सभी शासकीय विभाग द्वारा अपना-अपना स्टॉल लगाया गया था। जिसमें राजनांदगांव पुलिस द्वारा लगाए गए स्टॉल मुख्य आकर्षण का केन्द्र था, जिसे देखने के लिए लोग व बच्चे अनायास ही आकृष्ठ होकर भारी मात्रा में उपस्थिति दर्ज कराई एवं पुलिस द्वारा बताए गए संदेश को रूचिपूर्वक सुनकर लाभान्वित हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर जितेंद्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा एवं पुलिस विभाग सहित जिले के विभिन्न विभागों के राजपत्रित अधिकारीगण द्वारा जिला पुलिस द्वारा लगाए गए स्टॉल का भ्रमण कर अवलोकन किया गया।

### सुरक्षा साधनों का प्रदर्शन

पुलिस द्वारा उपयोग में लाए जाने वाली विभिन्न हथियार, सुरक्षा उपकरण, आधुनिक हथियार प्रणाली एवं सुरक्षा साधनों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य आम नागरिकों को पुलिस कार्यप्रणाली, तकनीकी संसाधन तथा सुरक्षा व्यवस्था से अवगत कराना था। आगंतुकों ने पुलिस द्वारा प्रदर्शित किए गए उपकरणों में विशेष रूचि दिखाई। कई बच्चों एवं युवाओं ने पुलिस के कार्य, हथियारों की जानकारी एवं सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से प्रश्न पूछे। जिनका पुलिस कर्मियों ने सरल और प्रभावी तरीके से उत्तर दिया।

## बाबा गुरु घासीदास के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सतनामी समाज और गुरु घासीदास बाबा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किए जाने के मामले में समाज के लोगों में गहरा आक्रोश है। आज बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर इस मामले में ज्ञापन के माध्यम से आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग की है। बीते दिनों सोशल मीडिया और एक न्यूज़ चैनल में सतनामी समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले विजय राजपूत और आदेश सोनी के खिलाफ समाज के लोगों ने आज आक्रोश व्यक्त किया। बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने शहर के सतनाम भवन से रैली निकाली और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर इस मामले में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### आंदोलन की चेतावनी

दोनों ही लोगों के खिलाफ सतनामी समाज द्वारा शिकायत की गई है और उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग करते पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन दिया गया है। सतनामी समाज द्वारा चेतावनी देते कहा गया है कि अगर आरोपियों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### समाज को किया गया अपमानित

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे सतनामी समाज के लोगों ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र और अश्लील टिप्पणी की गई है। वहीं टीवी डिबेट कार्यक्रम में आदेश सोनी ने समाज को भी गाय काटने वाला कहकर अपमानित किया गया है। जबकि सतनामी समाज के पूर्वजों ने गौहत्या व बलि प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी है।

## कलेक्टर ने शिक्षक को पीपीओ पत्र देकर किया सम्मानित



**राजनांदगांव।** ठा. प्यारेलाल सिंह शा.पूर्व मा. शाला राजनांदगांव के शिक्षक गणेश प्रसाद शर्मा को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने पीपीओ पत्र (पेंशन प्राधिकार पत्र) देकर सम्मानित किया। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल व विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजूलाल साहू ने शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान प्रदान किया।

कलेक्टर यादव ने कलेक्टर चेंबर में गणेश प्रसाद शर्मा को सेवा अवधि पूर्ण होने पर कोष एवं लेखा कार्यालय दुर्ग से प्राप्त पेंशन प्राधिकार पत्र का आदेश प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक श्री शर्मा के स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने श्री शर्मा द्वारा विभाग के साथ ही अन्य शासकीय कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने व कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित करने की बात कही। तत्पश्चात डीईओ श्री बघेल व विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजू लाल साहू द्वारा शिक्षक गणेश प्रसाद शर्मा का शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर राजेश खापर्डे व सुरेश जैन भी उपस्थित थे।

## प्रकाश पर्व पर निकल रही प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- बड़ी संख्या में समाज के लोग हो रहे शामिल

सिख पंथ के संस्थापक एवं प्रथम गुरू श्री गुरूनानक देव जी का प्राकट्य दिवस 3 नवंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर 28 अक्टूबर से लगातार सात दिनों तक प्रभातफेरी निकाली जा रही हैए जो तीन नवंबर तक चलेगी। 4 नवंबर को नगर-कीर्तन होगा तथा 5 नवंबर को प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

समाज के प्रधान परमजीत सिंह भाटिया व सचिव शम्मी भाटिया ने बताया कि प्रभातफेरी में पूरी संगत उत्साहपूर्वक जुट रही है। नगर में गुरू के आगमन के उपलक्ष्य में समाज के युवाओं में हर्ष व्याप्त है। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रभातफेरी में शामिल होकर संगत को निहाल किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमृतसर से पधारे दविंदर सिंह के रागी जत्थे द्वारा दो दिनों तक कीर्तन होगा। सुबह व शाम को मिलाकर चार दीवान सजेंगे। शम्मी भाटिया ने बताया कि मंगलवार व बुधवार को सुबह 8 से 9.30 तक तथा रात्रि में 7.30 से 9 बजे तक रागी जत्थे द्वारा कीर्तन का समागम होगा, जिसे लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है। कल 4 नवंबर को पंच-प्यारों की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा से प्रारंभ



होकर रेलवे चौक, टॉकीज चौक, जयस्तंभ चौक, गोल बाजार भंडारी चाल होता हुआ वापस गुरुद्वारा जाकर समाप्त होगा। पर्व को लेकर तैयारियां जोर-जोर से की जा रही है। गुरुनानक द्वार को भी आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। गुरुद्वारा परिसर को भी आकर्षक लाइटों से सजाया जा रहा है।

इस अवसर पर स्त्री सत्संग दल, खालसा सेवादल, मेरी पीरी सेवादल व गुरु गोविंद सिंह स्टडी सर्किल द्वारा विभिन्न आयोजन भी किए जा रहे हैं। जिसमें समाज के युवा बढ़-चढकर हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर बच्चों में खासा उत्साह बना हुआ है। 4 नवंबर को नगर कीर्तन में तथा 5 नवंबर को गुरु पर्व में पूरा समाज जुटेगा। 5 नवंबर को रणजीत सिंह हाल में आम लंगर का आयोजन भी होगा। जिसमें विभिन्न समाज के लोग भी शामिल होंगे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर नदी में जलाए मिट्टी के दीये



**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में प्रातः स्नान के लिए आवश्यक व्यवस्था करने निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने नागरिकों से अपील करते कहा कि मिट्टी का दीया जलाएं, प्रतिबंधित प्लास्टिक व डिस्पोजल के दीये न जलाएं।

महापौर यादव ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मोहारा स्थित शिवनाथ नदी के पास मेला का आयोजन किया जाता है। साथ ही इसी दिन प्रातः लोगों द्वारा पूजा-अर्चना कर दीपदान किया जाता है। उन्होंने मोहारा नदी के आसपास साफ-सफाई कर विद्युत व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देशित किया, ताकि पूजा-अर्चना में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। महापौर यादव ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रातःकालीन नदी के पास पूजा-अर्चना कर दीपदान किया जाता है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते कहा कि नदी में सुरक्षित रहकर स्नान करें, मिट्टी का दीया जलाएं तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक व डिस्पोजल के दीये न जलाएं, प्लास्टिक व डिस्पोजल दीये से गंदगी फैलती है तथा पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक है। उन्होंने 4, 5 व 6 नवंबर को मेले का आनंद लेने की अपील की है।

## 5 को मोतीपुर तालाब में मां गंगा की महाआरती

- दीपदान के साथ खीर प्रसादी का होगा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां संतोषी शंकर हनुमान मंदिर समिति द्वारा 05 नवंबर को सुबह 5 बजे 2100 दीपों से मोतीपुर काई तालाब में मां गंगा, मां नर्मदा की महाआरती होगा। समाजसेवी मदन मंटू यादव ने बताया कि 01 नवंबर को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस व कार्तिक पूर्णिमा को लेकर काई तालाब स्थित मंदिरों, वृक्षों व आसपास को आकर्षक विद्युत लाइटों व तोरण पताकों से सजाया गया है। 05 नवंबर को होने वाली महाआरती को लेकर तालाब के चारों ओर जगमग दीपक से रौशन होगा एवं दीपदान के साथ सुबह 05 बजे पर्यावरण की सुरक्षा को संकल्पित लेकर महापौर मधुसूदन यादव की अगुवाई में मोतीपुर-रामनगर वार्ड की माताएं, बहनें, युवा, बच्चे बड़ी संख्या में शामिल होकर मां गंगा की महाआरती करेंगे। इस दौरान भव्य गगनभेदी आतिशबाजी होगा, जो आकर्षक का केन्द्र रहेगा।

तत्पश्चात मां संतोषी, शिव, हनुमान मंदिर में पूजन व खीर प्रसादी का वितरण होगा। यह जानकारी समिति के दीपक साहू, जयकिशन जंघेल व धर्मराज यादव ने दी।

## हॉकी के शताब्दी वर्ष पर शहर में कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर को देशभर में एक साथ एक हजार से ज्यादा हॉकी मैच खेले जाएंगे। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित हॉकी नर्सरी राजनांदगांव में भी इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा।

इस संबंध में आयोजन को सफल बनाने जिला हॉकी संघ की बैठक स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी की अध्यक्षता तथा जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, नीलम जैन, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, अजय झा, आशा थॉमस, मृणाल चौबे, रामावतार जोशी, तीरथ गोस्वामी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में श्री अंसारी ने बताया कि यह आयोजन भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। 7 नवंबर 1925 को देश में पहली हॉकी प्रशासनिक संस्था का गठन हुआ था।

### कार्यशाला 7 तक



कार्यक्रम संयोजक मृणाल चौबे ने कहा कि "भारतीय हॉकी ने विश्व स्तर पर जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे हमारे देश की खेल विरासत को उजागर करती है। 100 वर्ष पूरे होने का यह अवसर पूरे गर्व और उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। राजनांदगांव में भी एक पुरूष एवं एक महिला टीम के बीच मैच आयोजित किया जाएगा। साथ ही दिनभर विभिन्न टीमों के बीच मैच संपन्न होंगे। इसी क्रम में 3 से 7 नवंबर तक शहर की विभिन्न स्कूलों में इस विषय में सामान्य ज्ञान, कार्यशाला आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे।

### विश्वकप भी जीता

हॉकी राजनांदगांव के सचिव शिवनारायण ने बताया कि भारत अब तक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में कुल 8 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक जीत चुका है। इसके अलावा भारत ने 1975 में विश्व कप भी जीता है तथा एशियाई खेलों में 4 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य पदक हासिल किए हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम ने भी एशियाई खेलों में 7 पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है।

### महत्वपूर्ण उपलब्धि

कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया एवं नीलम जैन ने कहा कि हॉकी के 100 वर्षों के इतिहास में राजनांदगांव की प्रसिद्ध महंत राजा सर्वेश्वर दास हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन महत्वपूर्ण उपलब्धि है। बैठक में के सह -सचिव महेंद्र सिंह ठाकुर, रामावतार जोशी,कुमार स्वामी ,शकील अहमद, योगेश द्विवेदी, राजेश निर्मलकर, तौफीक अहमद,अभिनव मिश्रा उपस्थित थे।

## भूतपूर्व सैनिक कल्याण ने मनाया दीपावली मिलन

# सेना में जाने निःशुल्क प्रशिक्षण ले रहे युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुरक्षा बल में जाने युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन और शिखर डिफेंस एकेडमी के तत्वावधान में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नया बस स्टैंड स्थित भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन कार्यालय में आयोजित समारोह के दौरान निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर देश सेवा के लिए चयनित होने वाले युवाओं का इस अवसर पर सम्मान किया गया।

भारतीय सेना, पुलिस बल सहित अन्य सुरक्षा बलों में जाने का जज्बा लिए युवाओं को भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को शारीरिक रूप से दक्ष बनाकर उनमें अनुशासन विकसित किया जा रहा है। इन युवाओं के साथ दीपावली मिलन समारोह का आयोजन करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर चयनित युवाओं द्वारा मोटिवेशनल स्पीच दिया गया।



### बेटियों को कर रहे प्रेरित

सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष भूतपूर्व सूबेदार मेजर राजेश शर्मा ने बताया कि शहर के मोहारा मेला ग्राउंड और तुमड़ीबोड़ में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश सेवा के लिए युवा तैयार करने और उन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाने के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम बेटियों को अधिक प्रेरित कर रहे हैं।

### सौ से अधिक युवाओं ने लिया प्रशिक्षण

शिखर डिफेंस अकादमी के संचालक एवं पूर्व सैनिक ओमप्रकाश साहू ने बताया कि वर्ष 2020 में वह सेना रिटायर्ड होकर अपने गांव करमतरा पहुंचे थे। इसके बाद उनके मन में आया कि वह अन्य युवाओं को भी भारतीय सेना में जाने प्रेरित करें। ग्रामीण क्षेत्र के युवा आर्थिक रूप से सशक्त नहीं थे, इसलिए उन्होंने निःशुल्क एकेडमी की शुरूआत की, जहां उन्हें प्रशिक्षण दिया जाने लगा। उन्होंने बताया कि लगभग 100 से अधिक युवाओं को अब तक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिसमें 30 से अधिक नौकरी में हैं।






नपं पांडातराई की जनता की सुविधा एवं उनकी मांगों को पूरा करने के लिए हम निरंतर प्रयासरत: भावना

# विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों की मिली 2 करोड़ 80 लाख की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई



जनता की मूलभूत सुविधाओं एवं क्षेत्र के विकास हेतु निरंतर सक्रिय पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से लगातार विधानसभा की जनता को विकास कार्यो की सौगात मिल रही है। इन विकास कार्यो से जनता को लाभ मिल रहा है, वहीं उन्हें सुगम आवागमन, प्रकाश व्यवस्था व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो रही है। नगर पंचायत पांडातराई में विधायक श्रीमती बोहरा के प्रयासों से कुल 52 अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यो के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 2 करोड़ 79 लाख 76 हजार रुपए की सौगात नगर वासियों को मिली है। इसके तहत नगर में मूलभूत सुविधाओं, सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, हाई मास्ट लाइट, मुक्तिधाम, मूर्ति स्थापना, टॉप निर्माण, आहता निर्माण एवं अतिरिक्त कक्ष जैसे विभिन्न अधोसंरचना एवं विकास कार्यो का निर्माण होगा। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त कर नगरवासियों को बधाई दी। विधायक ने कहा कि जनता की सुविधाओं का विस्तार करना और अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यो को गति देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसके पूर्व भी पांडातराई नगर में पेयजल की समुचित व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सड़कों के निर्माण और मरम्मत, पीएम आवास, बॉयपास निर्माण और तहसील कार्यालय की स्थापना जैसे विकास कार्यो की सौगात नगर वासियों को मिली है। जनता को सुविधाओं और योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिले यही हमारा लक्ष्य है। निरंतर विकास कार्यो की स्वीकृति, उनके क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता के साथ उच्च गुणवत्ता से हो रहें, अधोसंरचना निर्माण कार्यो से आज पांडातराई नगर एवं पंडरिया विधानसभा की तस्वीर बदल रही है। नगरवासियों की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना, नगर को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाना यही हमारा लक्ष्य है जिसके लिए हम अनवरत प्रयास कर रहें हैं।

## विकास कार्यो से जनता को सुविधा मिलेगी: विधायक




पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि नगर पंचायत पांडातराई की जनता की सुविधा एवं उनकी मांगों को पूरा करने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। नगरवासियों की सुविधा एवं नगर के विकास को गति देने के लिए आज 2 करोड़ 79 लाख 76 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। हाल ही में जनता की बहुप्रतीक्षित मांग को देखते हुए नगर में उप तहसील की स्थापना भी की गई जो डबल इंजन भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता एवं विकास नीति को दर्शाती है। आज नगर पंचायत पांडातराई को मिली इस सौगात से नगर के विकास एवं जनता को सुविधाओं का लाभ मिलेगा। पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सुगम सड़क, नाली निर्माण से पानी जाम की समस्या से निजात मिलेगा। इन विकास कार्यो से जनता को सुविधा मिलेगी वहीं नगर की आर्थिक प्रगति भी सुनिश्चित होगी।

# शिवपुराण सुनने से भोग व मोक्ष दोनों मिलता है: पं. आनंद उपाध्याय



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कचहरी पारा कवर्धा में वेद श्रीवास्तव के निवास में वंदना श्रीवास्तव के कल्याण हेतु श्री शिव महापुराण का मंगलमय आयोजन 3 से 8 नवंबर तक किया गया। जिसमें शंकराचार्य के शिष्य धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय कवर्धा वाले ने कहा कि श्री शिवमहापुराण भगवान श्रीशिव का वांगमय स्वरूप है, भगवान श्री शिव और श्री शिवमहापुराण में कोई अंतर नहीं है दोनों एक ही हैं। श्री शिवमहापुराण की कथा सुनने से पाप नष्ट होता है और मन शुद्ध होता है। शुद्ध मन होने से ही हमारे अंदर भगवान के दर्शन की पात्रता आती है। जब हमारे कई जन्मों का पुण्य फल देता है तब श्री शिवमहापुराण की कथा सुनने का सौभाग्य मिलता है, श्री शिवमहापुराण पढ़ने से सुनने से और इसके सूत्रों को जीवन में उतारने से भोग और मोक्ष दोनों मिलता है। आवागमन का चक्र छूट जाता है शिवपद की प्राप्ति हो जाती है। इसे सुनने से करोड़ यज्ञ के समान पुण्य मिलता है चारों पुरुषार्थ की प्राप्ति होती है भक्ति ज्ञान और वैराग्य मिलता है, परमपद की प्राप्ति हो जाती है। यह कथा अमृत से बढ़कर है कैसा भी पापी क्यों न हो श्री शिवमहापुराण कथा से पवित्र हो जाता है। जो भगवान के लिए फुलवारी बनाता है उसकी रक्षा करता है वह शिवधाम जाता है। गोदान करने से कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। तिल दान से सामर्थ्य, नमक से सभी प्रकार का भोजन, कोंहडे से निरोगता, कन्या से आजीवन भोग व भगवान की गति, तिथि और पर्व पर हम जो दान करते हैं उसका फल हमें बढ़कर प्राप्त होता है सामान्य रूप से दान दो प्रकार का होता है पहला दान समय और पर्व पर दिया जाता है और दूसरा दान होता है। नित्य दान जो रोज दिया जाता है नित्य दान की हमारे शास्त्रों में और श्री शिवमहापुराण में बहुत महिमा बताई गई है सामान्य दिन में दान से एक गुना फल, अमावस्या में सौ गुना, कर्क संक्रांति में हजार गुना, मकर संक्रांति में दस हजार गुना, चंद्र और सूर्य ग्रहण में लाख गुना फल, जन्म नक्षत्र और व्रत के दूसरे दिन लाख गुना पुण्य मिलता है। नित्य दान के द्वारा इन सभी तिथियों में दान करने का फल प्राप्त होता है। सवा रुपए रोज के हिसाब से साल में एक बार हर साल 450 रुपए का दान होता है आजीवन 45000 है। घर के हर सदस्य को नित्य दान करना चाहिए। ये दान की राशि शंकराचार्य आश्रम में जाती है। आप पण्डित आनंद उपाध्याय कवर्धा वाले के पास नित्य दान की राशि जमा कर नित्य दान के पावन प्रकल्प से जुड़ सकते हैं। इस दौरान वेदप्रकाश वीणा श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश रितु, जयप्रकाश अनीता श्रीवास्तव ने श्रद्धालुओं व भक्तजनो से अपील कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का लाभ लें।

## खबर संक्षेप

### राजमहल चौक स्थित मिनी शौचालय की कराई साफ-सफाई



**हरिभूमि कवर्धा।** राजमहल चौक स्थित राजीव गांधी पार्क मां दुर्गा मंदिर के पीछे सड़क पर बने मिनी शौचालय की गंदगी से आसपास के लोग परेशान थे। क्षेत्र में बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर नगर पालिका कवर्धा के सभापति एवं वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद बिहारी धुर्वे ने त्वरित कार्यवाही करते हुए शौचालय की पूरी साफ-सफाई कराई गई। साफ-सफाई के बाद मच्छरों के प्रसार को रोकने के लिए क्षेत्र में दवाई का छिड़काव भी कराया गया। इस पहल से आसपास के नागरिकों ने राहत की सांस ली और सभापति बिहारी धुर्वे के इस जनहितकारी कदम की सराहना की।

### ठंड की अहसास, गर्म कपड़ा की मांग

**कवर्धा।** पिछले कुछ दिनों से मौसम हुई उथल पुथल के बाद शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को ठंड की अहसास होने से गर्म कपड़ा की मांग बढ़ गई है।

# अंबिका को मिला राष्ट्रीय सचिव का दायित्व, समाज में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कुर्मी समाज के मिलनसार, कर्मठ व अनुभवी समाजसेवी अंबिका सिंह चंद्रवंशी को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यो, समर्पण भाव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा द्वारा राष्ट्रीय सचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार कटियार एवं राष्ट्रीय महासचिव डॉ उत्तमप्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से यह नियुक्ति आदेश जारी करते हुए कहा कि श्री चंद्रवंशी का संगठन के प्रति योगदान सराहनीय रहा है। उनके नेतृत्व में समाज के संगठनात्मक सशक्तिकरण, विस्तार और विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर महासभा के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने श्री चंद्रवंशी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समाज के लोगों ने कहा कि अंबिका चंद्रवंशी हमेशा मिलनसार स्वभाव, सक्रिय कार्यशैली और कुर्मी समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहे हैं। उनकी यह नियुक्ति पूरे छत्तीसगढ़ सहित देशभर के कुर्मी समाज के लिए गौरव का विषय है। यह नियुक्ति आदेश 30 अक्टूबर को वाराणसी मुख्यालय से जारी किया गया। कबीरधाम के निवासी अंबिका चंद्रवंशी को राष्ट्रीय स्तर पर यह जिम्मेदारी मिलना उनके निरंतर सामाजिक योगदान का परिणाम माना जा रहा है। अंबिका सिंह को समाज के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त करना समाज के लिए ऐतिहासिक और गौरवशाली पल है, जिस पर अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व को हृदय से आभार गणपत सिंह और चतुर सिंह के पद चिन्ह पर चलने वाले अंबिका सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## शहर में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन, खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा




**हरिभूमि कवर्धा।** जिला बैडमिंटन संघ कबीरधाम द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ शनिवार 1 नवम्बर को इंडोर स्टेडियम कवर्धा में हुआ। इस अवसर पर प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ एके श्रीवास्तव, पुलिस अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह, शिक्षाविद् डॉ बीएस चौहान, छग बैडमिंटन संघ अध्यक्ष एवं मुख्य संरक्षक गुरमीत सिंह तथा सुधीन्द्र सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा गणेश की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल-प्रेमी एवं अभिभावक उपस्थित थे। अपने स्वागत भाषण में जिला बैडमिंटन संघ के सचिव डॉ सुरेश तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के उद्देश्य, स्वरूप एवं नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए आगामी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे। प्रतियोगिता 1 नवम्बर से 5 नवम्बर तक चलेगी, जिसमें पहले दो दिन क्वालिफाइंग राउंड तथा अंतिम तीन दिन मुख्य मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। खेल-कूद का जीवन में महत्व डॉ श्रीवास्तव ने जीवन में खेल-कूद के सम्मिलन होने का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों का अत्यंत प्रभावशाली अनुभव आवश्यक है। शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक तीनों ही तरह के स्वास्थ्य के लिए खेलों की अत्यधिक उपयोगिता सिद्ध हुई है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मन को भी प्रसन्न और समाज में सहयोग की भावना को प्रबल करते हैं।

# किसानों ने धान फसल बर्बाद को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



- मुआवजा राशि एवं आर्थिक सहयोग राशि की मांग की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखण्ड सहसपुर लोहारा अंतर्गत रामपुर (ठाठापुर) अंतर्गत सैकड़ों गांव में बे-मौसम बारिश होने से हजारो एकड़ धान फसल खेत में जल भराव की स्थिति निर्मित होने से धान फसल की नुकसान तथा खेतों में खड़ी धान फसल गिर जाने से ग्रामीण किसानों को भारी नुकसान व बर्बादी हुई है, जिससे किसान की चिंता बढ़ गई है। जिस पर क्षेत्र के ग्रामीण किसानों ने जिसमें ग्राम गोछिया, उलट-बगदई, बाजार चारभाठा, गांगीबाहरा, गैंदपुर, गोरखपुर कला, रणवीरपुर, गौरमाटी, विरेन्द्र नगर, खैरझिटी, सेमरिया, मुंगेलीडी सहित आसपास क्षेत्र के सैकड़ों ग्राम के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर धान की फसल खराब होने की पूर्ण संभावना है को लेकर प्रधानमंत्री फसल बीमा कराए जाने व उचित कार्यवाही करते हुए विभागिय जांच कराने कि सहयोग प्रदान की अपील की गई ताकि ग्रामीण किसान भाईयो की धान फसल नुकसान होने कि अधिक से अधिक मुआवजा राशि एवं आर्थिक सहयोग राशि मिल सकें। इस दौरान मनोज सिंह, रामावतार, विक्रम ध्रुवें, गंगाराम, मुकेश कौशिक, ओंकार सिंह ध्रुवें, चुरामन सेन, धनेश ध्रुवें, परसराम, लक्ष्मीचंद साहू, शिवकुमार, गौकरण, टिकेन्द्र, संतोष, जलेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसान जन उपस्थित थें।

## हरदीप ने छात्र छात्राओं को वितरित की पेन और कॉपी



**हरिभूमि कवर्धा।** समाज में सेवा और सहयोग की भावना को जीवंत रखते हुए एनएसयूआई के सक्रिय कार्यकर्ता हरदीप पात्रे ने अपने जन्मदिन के अवसर को खास तरीके से मनाया। हरदीप पात्रे ने इस दिन को मनोरंजन या जश्न के रूप में न मनाकर इसे समाजसेवा और बच्चों की खुशी को समर्पित किया। उन्होंने शहर के आत्मानंद स्कूल कवर्धा पहुंचकर वहां पढ़ने वाले बच्चों को पेन, कॉपी व चॉकलेट वितरित की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बच्चे हरदीप पात्रे द्वारा दिए गए उपहारों को पाकर बेहद खुश नजर आए। विद्यालय के शिक्षकों ने भी उनके इस पहल की प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार के कार्यो से समाज में सकारात्मक संदेश फैलता है और युवा वर्ग को प्रेरणा मिलती है कि वे अपने विशेष अवसरों को दूसरों की खुशी के लिए समर्पित करें। उन्होने कहा कि बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही मेरे लिए सबसे बड़ा तोहफा है। यदि हर व्यक्ति अपने जन्मदिन या विशेष अवसर पर किसी जरूरतमंद की मदद करे, तो समाज में खुशहाली और सद्भावना स्वतः बढ़ेगी।

# पीएम आवास योजना से वंचित ग्रामीण हितग्राही

- ग्रामीण हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास का सर्वे किए जाने की अपील की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव




छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण गरीब परिवार को पक्का मकान प्रधानमंत्री आवास योजना लाभ दिया जा रहा है, लेकिन संसाधनहीनता के शिकार ग्रामीण गरीब हितग्राही लोग रोटी और कपड़ा जुटा लेते हैं। मगर रहने के लिए पक्का घर हासिल करना उनके लिए किसी सपने से कम नहीं। ऐसे में कच्चे घर में रहने वाले गरीब लोगों के लिए पूर्ण अनुदान वाली प्रधानमंत्री आवास योजना की आधारशिला रखी गई। लेकिन पीएम आवास योजना ग्रामीण स्तर पर अस्तित्व में आई तब से देश के विभिन्न राज्यों में बेघर और कच्चे घर वाले लोगों को आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव सहित आसपास क्षेत्र के जिन लोगों के पक्के घर हैं उन्हें बड़े पैमाने पर आवास योजना से लाभान्वित किया गया है। इस स्थिति में ग्रामीण स्तर पर कई गांवों में कच्चे घर वाले लोग आवास योजना से वंचित रह गए हैं। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत में ग्रामीण गरीब हितग्राही परिवार द्वारा हर बार पीएम आवास के लिए नाम जुड़वाते आ रहे हैं उसके बाद भी प्रधानमंत्री आवास में नाम ही गायब रहता है। क्षेत्र के ग्रामीण हितग्राही वर्षो से पीएम आवास योजना का इंतजार व बाट जोह रहे है लेकिन प्रधानमंत्री आवास के लिए इंतजार व ग्रामीण गरीब परिवार के चेहरे पर मायूसी नजर आ रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पांच वर्ष पहले ग्रामीण हितग्राही शंभू प्रसाद शर्मा का सर्वे लिस्ट में नाम था लेकिन आज जो कि 200 लोगों का नाम सर्वे में नाम आया है, लगभग उस लिस्ट में हितग्राही शंभू प्रसाद शर्मा का नाम गायब है। जिस पर हितग्राहियों ने जिम्मेदारों की भारी अनदेखी व लापरवाही का आशंका जताया। जिस पर ग्रामीण हितग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग कर आसपास क्षेत्र व ग्राम पंचायत कोलेगांव में प्रधानमंत्री आवास का सर्वे किए जाने की अपील की गई ताकि ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ व सपना सकार हो सकें।

## विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

# संकुल स्तरीय बाल कौशल प्रतियोगिता में पेण्ड्रीकला के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन से विकासखंड के सभी संकुलों में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय बाल कौशल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें संकुल केंद्र पेण्ड्रीकला के 15 स्कूलों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खेल प्रभारी भुनेश्वर सिंह चौहान के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक शाला पेण्ड्रीकला के बच्चों ने भाग लिया। जिसमे सामूहिक खेल खो-खो में बालको ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं कबड्डी में बालिकाओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम में बालिकाओं ने प्रथम स्थान में बाजी मारी इसी प्रकार व्यक्तिगत खेल बालक वर्ग में आयुष 100 मीटर दौड़ में प्रथम, कबाड़ से जुगाड़ मॉडल में अंशु प्रथम, गोली चम्मच दौड़ में रामरतन तृतीय तथा बालिका वर्ग में सुईधागा दौड़ में प्रथम स्थान दुर्गा, कबाड़ से जुगाड़ मॉडल में सृष्टि प्रथम स्थान, कुर्सी दौड़ में जगतरनी द्वितीय, चित्रकला में अंशु द्वितीय, मेहंदी प्रतियोगिता में सृष्टि द्वितीय, गोली चम्मच दौड़ में दुर्गा द्वितीय एवं रंगोली प्रतियोगिता में राधिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी प्रतिभागियों के खेल प्रदर्शन से विद्यालय के सभी शिक्षक बैजनाथ चंद्राकर, भुनेश्वर सिंह चौहान, बुद्धेश्वर राम प्रधान, सुश्री जानकी चुरेंद्र ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दिया गया।

प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल सबको प्रिय है। बच्चे, जवान व बूढ़े सभी अपने रुचि के अनुसार खेल खेलते हैं। खेल जीवन का अभिन्न अंग है। विभिन्न खेलों के खेलने से बच्चों में शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक सेहत में सुधार होता है। खेल का महत्व इतना महत्वपूर्ण है कि इसके बिना हमारा जीवन अधूरा माना जा सकता है।यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। खेल से हमारा मानसिक तनाव कम होता है, हमें नियमित रूप से खेल खेलने का समय निकालना चाहिए, ताकि हम अपने जीवन को स्वस्थ, सुखी और सफल बना सकें। खेल एक महान सामाजिक संगठन भी है, जब हम खेल खेलते हैं तो हम ग्रुप में समन्वय और टीमवर्क करते हैं। यह हमें समान भागीदारी का आदर्श देता है और हमें समानता समरसत्ता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा प्रदान करता है।


HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खतरा:** ग्राम मुंगेलीडीह में विद्युत विभाग की व्यवस्था चौपट, कई विद्युत पोल क्षतिग्रस्त

# तालाब के पानी को छूने आतुर दिख रहा 11 केव्ही करंट प्रवाहित तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की खस्ताहाल और चरमराई व्यवस्था जिले के ग्रामीण अंचलों में चौतरफा देखने को मिल रही है, जो कभी भी किसी की जान पर भारी पड़ सकती है। लेकिन हैरानी की बात है कि इस तरह की जीवलेवा अव्यवस्था की लाख शिकवा शिकायतों के बाद भी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसे देखते हुए लोगों में भारी असंतोष और नाराजगी देखने को मिल रही है। ऐसी ही चरमराई और खस्ताहाल व्यवस्था इन दिनों विकासखण्ड स. लोहारा के ग्राम मुंगेलीडीह में भी देखने को मिल रही है। क्षेत्र के ग्रामीणों की माने तो यहां छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति कराने तालाब के ऊपर से खींचा गया मम केव्ही विद्युत तार और विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत पोल तो पूरी तरह से झुक चुके हैं जिसके कारण तालाब के ऊपर से गुजरने वाली 11 केव्ही तार झूलकर तालाब के पानी को झूने को आतुर नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के इस तालाब का उपयोग स्थानीय ग्रामीण आम निस्तारी के लिए करते हैं। गांव के मवेशियों को पानी पिलाने से लेकर ग्रामीणों और मवेशियों को नहलाने के लिए भी इसका उपयोग किया जाता है। ऐसे में अगर कभी करंट प्रवाहित 11 केव्ही तार टूटकर तालाब में गिर गया तो निश्चित ही यह जीवलेवा साबित हो सकता है।




**शिकायत के बाद भी नहीं किया जा रहा सुधार कार्य**

ग्रामीणों ने बताया कि इस अव्यवस्था और जीवलेवा खतरे के संबंध में कई बार विभाग को अवगत कराया जा चुका है लेकिन ऐसा लगता है कि विभाग किसी बड़ी दुर्घटना की बाट जोह रहा है। ग्रामीणों ने विभाग के इस रवैए पर गहरी नाराजगी और असंतोष प्रकट करते हुए मांग की है कि क्षेत्र के क्षतिग्रस्त पोलों को तत्काल दुरूस्त किया जाए और तालाब के ऊपर से गुजरने वाले 11 केव्ही को हटाया जाए ताकि संभावित जीवलेवा दुर्घटना को रोका जा सके।

# महिला क्रिकेट टीम के वर्ल्ड कप जीतने में कवर्धा की बेटी आकांक्षा की रही बड़ी भूमिका

- उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्वर्णिम सफलता पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कल जैसे ही दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर आईसीसी वर्ल्ड कप की ट्रॉफी अपने नाम की, वैसे ही पूरा देश हमारी बेटियों की गर्वीली सफलता पर झूम उठा। यह 52 साल के महिला वर्ल्ड कप इतिहास में पहली दफा है जब भारत की विमेंस ब्रिगेड ने वर्ल्ड कप की ट्रॉफी जीती है। इस जीत ने कवर्धा जिले के लोगों को भी गौरवान्वित होने का एक खास मौका दिया है। कारण कवर्धा जिले की बेटी आकांक्षा सत्यवंशी ने भी इस जीत में अपनी खास भूमिका अदा की है। आकांक्षा भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ फिजियोथैरेपिस्ट एवं स्पोर्ट्स साइंस विशेषज्ञ के रूप में कार्य करते हुए खिलाड़ियों की फिटनेस, रिकवरी और प्रदर्शन को उच्चतम स्तर पर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है। उनके इस योगदान के लिए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पूरे जिले और प्रदेशवासियों की तरफ उनकी उपलब्धि और योगदान के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं है।



उन्होंने कहा कि उनकी उनकी इस प्रेरणादायी उपलब्धि पर समूचा छत्तीसगढ़ गर्व महसूस कर रहा है। इससे पूर्व वे छत्तीसगढ़ महिला क्रिकेट टीम और भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम का भी हिस्सा रह चुकी हैं। खेल के प्रति उनके समर्पण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने इस ऐतिहासिक जीत में उनका योगदान और भी उल्लेखनीय बना दिया है। छत्तीसगढ़ की यह होनहार बेटी आज पूरे देश का नाम रोशन कर रही है।

**खबर संक्षेप**

## बैगिन महिला पर डंडे से जानलेवा हमला



**कवर्धा।** जिले के कुकदुर थाना के अंतगर्त ग्राम पंचायत छिदीडीह के आश्रित ग्राम सारपानी में सोमवार को दो परिवारों के बीच हुए विवाद में एक महिला का सिर फूट गया। बताया जाता है कि एक ग्रामीण ने महिला पर डंडे से प्राणघातक हमला किया गया। जिसे गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। वहीं पीड़िता की रपट पर कुकदुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन फिलहाल आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंडीन बाई पति लवलु जाति बैगा आयु 45 वर्ष निवासी ग्राम सारपानी पर सोमवार को उसके परिचत व्यक्ति ने किसी बात को लेकर डंडे से प्राणघातक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता के परिजनो ने इसकी जानकारी कुकदुर पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

## बीएड प्रथम वर्ष की संपर्क कक्षा 20 नवंबर से

**कवर्धा।** पं. सुन्दरलाल शर्मा ओपन विवि ने बीएड प्रथम वर्ष के संपर्क कक्षा का शेड्यूल जारी किया है। यह संपर्क कक्षा विवि मुख्यालय व सभी अध्ययन केन्द्र में 20 से 29 नवंबर तक होगी। संपर्क कक्षा में उपस्थिति अनिवार्य किया गया है। उपस्थिति नही होने पर प्रायोगिक व सत्रांत परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी।

# पंडरिया कारखाना के श्रमिक फिर बेमुद्दत हड़ताल पर

## शक्कर कारखाना प्रबंधन एवं श्रमिकों के बीच नहीं थम रही तनातनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया के लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना प्रबंधन और कारखाना में काम करने वाले श्रमिकों के बीच तनातनी थमने का नाम नहीं ले रही है। आलम ये है कि कारखाना प्रबंधन और श्रमिक आए दिन किसी न किसी विषय को लेकर आमने सामने नजर आ रहे हैं।

जिसका विपरीत प्रभाव न सिर्फ कारखाना संचालन पर पड़ रहा है बल्कि कारखाना की साख भी लगातार धूमिल हो रही है। जानकारी के मुताबिक एन गन्ना पेराई प्रारंभ होने के पूर्व एक बार फिर पंडरिया शक्कर कारखाना प्रबंधन और मजदूरों के बीच विभिन्न विषयों को लेकर ठन गई है और श्रमिकों ने एक बार फिर कारखाना प्रबंधन पर तानाशाही ररवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताली श्रमिकों ने बताया कि वे बीते करीब 8 वर्षों से कारखाना में सेवा दे रहे हैं लेकिन कारखाना प्रबंधन द्वारा अब इन श्रमिकों को कार्य से निकालने की धमकी दी जा रही है।

इसके अलावा श्रमिकों ने बताया कि कारखाना प्रबंधन के उपेक्षा पूर्ण रवैए के कारण श्रमिकों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके सबंध में लगातार प्रबंधन को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद भी श्रमिकों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। श्रमिकों ने बताया कि इसके विरोध में संघ ने गत 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक टूल-डाउन आंदोलन किया था। बावजूद इसके प्रबंधन की चुप्पी जारी रही, जिसके परिणामस्वरूप 1 नवंबर 2025 से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया गया है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जब तक श्रमिकों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस धरना में लगभग 300 श्रमिक भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले शामिल हैं। संघ ने प्रशासन को आगाह किया है कि यदि आंदोलन के दौरान कोई उत्पादनगत हानि या अन्य स्थिति उत्पन्न होती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी कारखाना प्रबंधन एवं संबंधित प्रशासन की होगी।

# टेकरी में भजन सत्संग का शुभारंभ आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सामाजिक कुरीतियों को दूर कर मानव जीवन की सार्थकता को स्थापित करने के लिए अमर संदेष देने वाले महान संत कबीर साहेब की वाणी-वचनों का प्रवाह मैकाल पहाड़ के उपर से होगा। स.लोहारा ब्लॉक के सहसपुर के कबीर टेकरी में दो दिवसीय भजन सत्संग कार्यक्रम एक शाम कबीर टेकरी के नाम से का शुभारंग 4 नवम्बर से होगा। इसमें प्रदश के ख्याति प्राप्त व्याख्याकार एवं भजन गायक-गायिका शामिल होंगे। कबीर पंथियों के मुताबिक कबीर पंथ की परंपरा के अनुसार चारों युग में महान संत कबीर साहेब अपने अलग-अलग रूपों को लेकर अवतरित हुए हैं। इस क्रम में सतयुग सतसुकृत नाम साहेब, त्रेतायुग में मुनिन्द्रनाम साहेब, द्वापर में करूणामयनाम साहेब तथा कलयुग में कबीर साहेब के नाम से अवतरित हुए। मान्यतानुसार द्वापर युग में करूणामय नाम अपने भ्रमण के दौरान छत्तीसगढ़ कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा ब्लॉक के ग्राम सहसपुर के टेकरी यानी पहाड़ी के उपर सत्संग किए थे और उसी स्थान पर अपनी चरण पादुका छोड़कर गए थे। तब से लेकर अब तक उस स्थान पर प्रतिवर्ष मांघ पूर्णिमा में मेला और कार्तिक पूर्मिणा में स्थान एवं भजन-सत्संग का आयोजन किया गया जाता है। इस आयोजन को और भी आनंदमय एवं प्रेरणाप्रद बनाने के लिए मानिकपुरी नवयुवक समिति 2021 एक शाम कबीर टेकरी के नाम भजन सत्संग कायक्रम का आयोजन कर रही है, जिसका इस वर्ष पांचवा वर्ष है।

**कार्यक्रम में प्रतिभाओं का किया जाएगा सम्मान**

04 नवंबर की दोपहर 12 बजे भव्य शोभायात्रा से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इसके बाद शाम 5 बजे संध्या आरती होगी। शाम 6 बजे समाज के ख्याति प्राप्त एवं प्रतिभाषाली लोगों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद शाम भजन सत्संग होगा, जो देर रात चलेगा। दूसरे दिन 05 नवंबर की सुबह 5 बजे से पूर्णिमा स्नान एवं खीर वितरण होगा। इसके बाद गुरू महिमा पाठ सुबह 11 बजे से आनंदी चैका आरती होगा। दोपहर 2 बजे से भोजन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा।

## राज्योत्सव में पद्मश्री डॉ. भारती बंधु की प्रस्तुति से झूम उठा कवर्धा



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के प्रथम दिवस का मुख्य आकर्षण पद्मश्री डॉ. भारती बंधु का सुफी और लोक संगीत से सजा शानदार प्रस्तुति रहा। आचार्य पंथ श्री गृथमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में आयोजित इस सांस्कृतिक संध्या में हजारों की संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहे। डॉ. भारती बंधु ने अपनी मधुर आवाज में धीरे हाको राम गाड़ी वाला, छाप तिलक सब छीने रे मौसे नैना मिलई के जैसी प्रसिद्ध गजलें और सुफी गीत प्रस्तुत कर ऐसा सुरमयी वातावरण निर्मित किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। उनकी प्रस्तुति में भक्ति, प्रेम और मानवीय संवेदनाओं की गहराई ने सभी के हृदय को स्पर्श किया। राज्योत्सव के पहले ही दिन कवर्धा का सांस्कृतिक मंच छत्तीसगढ़ की माटी की खुशबू, लोक कला और संगीत की सरगम से गूंज उठा। मंच पर उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने भारती बंधु की सराहना करते हुए लंबे समय तक तालियों की गडगड़ाहट से स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर राज्योत्सव के अवसर पर आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, लोक कला प्रदर्शनी, और विभिन्न स्टॉलों ने भी वातावरण को उत्सवमय बना दिया। संध्या का समापन छत्तीसगढ़ी जयघोष और रंगारंग आतिशबाजी के साथ हुआ।

## अशोका पब्लिक स्कूल के 11 छात्रों का राष्ट्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित होने वाले शालेय राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में नगर के प्रतिष्ठित संस्थान अशोका पब्लिक स्कूल, कवर्धा के बेसबॉल मिनी वर्ग में दीक्षांत, तान्या सिन्हा सीनियर वर्ग में कृष सिन्हा, सॉफ्टबॉल मिनी वर्ग में गुनिस्का जांगड़े, जूनियर वर्ग में सोहम सिंह राजपूत एवं सीनियर वर्ग में श्रवण राजपूत, कराटे मिनी वर्ग में अक्ष देशलहरा, दुर्गेश एवं जूनियर वर्ग में आयुष केशरवानी एवं वालीबॉल जूनियर वर्ग में प्रिंसी पनागर कुल 11 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। वही बेसबॉल जूनियर वर्ग में सौम्याना गेंद्रें का प्रथम अतिरिक्त सूची में नाम है ये सभी खिलाड़ी होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम से प्रतिनिधत्व करेंगे जिसमें पदक लगाकर प्रदेश व जिला साथ में विद्यालय का नाम रोशन करेंगे इसके साथ ही इन खिलाडिय़ों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में आयोजित होगा। विद्यालय के संचालक पवन देवांगन ने बताया कि हमारे विद्यालय के छात्र प्रति वर्ष पढ़ाई के साथ साथ खेल के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। हाल ही में हमारे विद्यालय के छात्रों ने राज्य स्तरीय बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, कराटे, वालीबॉल एवं हॉकी खेल प्रतियोगिता में कुल 26 स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किए थे जिसके आधार पर इन खिलाडियों का चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ है जिससे पूरा विद्यालय परिवार गौरविंत है। उन्होने कहा कि अब इन सभी खिलाडिय़ों से आशा है कि वे राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में भी पदक प्राप्त कर हमारे प्रदेश व कबीरधाम जिले का नाम रोशन करेंगे।

## कलेक्ट्रेट परिसर में की गई छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना




**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय परिसर का वातावरण पूरी तरह छत्तीसगढ़ी रंग में रंगा नजर आया। छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष सिनियर सिटीजन द्वारा पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। इसी दौरान दीप प्रज्ज्वलित कर छत्तीसगढ़ महतारी की जय के जयकारों से परिसर गूंज उठा। छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा चारों ओर बेला, गुलाब और रंग-बिरंगे पुष्पों के पौधो से सुशोभित है। जिससे पूरा परिसर और भी मनमोहक दिखाई दे रहा है। छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर फोकस लाइट से रोशनी की जा रही है। राज्योत्सव की इस उल्लासमयी संध्या में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा श्रद्धा, संस्कृति और गौरव का प्रतीक बनकर सभी का ध्यान आकर्षित कर रही है। जिला प्रशासन द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर फोकस लाइट से आकर्षक प्रकाश व्यवस्था की गई है।

**गांवों की सड़क में नियम विरूद्ध बेरोकटोक फर्राटे भर रहे वाहन**

# अच्छी सड़कों को मटिया मेट कर रहे ओव्हर लोड वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के पंडरिया विकासखण्ड के ग्रामीण अंचलों की हालत तो वैसे भी खस्ताहाल और जर्जर है, उस पर जिन सड़कों का निर्माण शासन द्वारा कराया जा रहा है उन्हें सड़कों पर नियम विरूद्ध फर्राटे भर रहे भारी वाहन और ओव्हर लोड़ वाहन मटियामेट करने में लगे हुए हैं। बताया जाता है कि विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम नेउर-कांदावानी मार्ग का निर्माण अभी कुछ वर्ष पूर्व प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करोड़ों की लागत से कराया गया था। लेकिन इस मार्ग में लगातार और बेरोकटोक ओव्हर लोड़ वाहनो के फर्राटे भरने के कारण अब यब मार्ग दम तोडऩे लगा है। क्षेत्र के ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार करीब 20 किलोमीटर लंबी यह सड़क ओवरलोड वाहनों से पूरी तरह से उखड़ चुकी है। दरअसल, प्रधानमंत्री जन-मन योजना के जरिए मेन रोड से ग्राम बांसाटोला तक पक्की सड़क बन रही है। इस सड़क निर्माण के लिए गिट्टी, सीमेंट, मुरुम व अन्य मटेरियल की ढुलाई की जा रही है। परिवहन में लगे ओव्हर लोड वाहन नेउर-कांदावानी पीएम सड़क पर दौड़ रहे हैं, जिससे यह सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। बताया जाता है कि करीब 4 साल पहले इस सड़क की मरम्मत कराई थी, लेकिन अब उखड़ चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी रास्ते से 10 से अधिक गांवों के लोग आवागमन करते हैं। बांसाटोला में सड़क निर्माण के लिए गिट्टी व मटेरियल पहुंचाने हाईवा व दूसरे भारी वाहन दौड़ाई जा रही है। भारी वाहन के दबाव से नेउर-कांदावानी सड़क कई जगह धंस गई है। इससे सड़क पर बड़-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जो परेशानी का कारण बन गए हैं। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि आगामी 15 नवम्बर से जिले में समर्थन मूल्य में धान खरीदी और सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना सहित निजी गुड़ फैक्ट्रियों में गन्ना खरीदी प्रारंभ हो जाएगी। माना जा रहा है ऐसे में क्षेत्र के ग्रामीणों को फसल परिवहन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने ग्रामीण अंचलों की सड़कों में नियम विरूद्ध फर्राटे भर रहे ओव्हर लोड़ वाहनो पर रोक लगाए जाने की मांग शासनप्रशासन से की है।

# छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। राज्योत्सव समारोह के दौरान जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक, महिला, युवाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए सृजनात्मक, जानकारीपूर्ण और प्रभावशाली प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी राज्य शासन की जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। राज्योत्सव की इस रजत जयंती प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की गौरवशाली विकास यात्रा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा सुशासन, पारदर्शिता और सर्वांगीण विकास की दिशा में किए जा रहे कार्यों की झलक को आकर्षक, सरल और प्रेरणादायक शैली में प्रदर्शित किया गया है। इस दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा जनमन पत्रिका, 'सुशासन तिहार 2025' विशेषांक, कबीरधाम जिले की विकास पर अधारित संवाद से समाधान तक और विभिन्न ब्रोशर का निशुल्क वितरण भी किया गया। इन प्रकाशनों के माध्यम से शासन की प्राथमिकताओं, जन कल्याणकारी योजनाओं और सफलता की कहानियों को प्रभावी ढंग से नागरिकों तक पहुँचाया गया। राज्योत्सव स्थल पर बड़ी संख्या में नागरिकों, छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों एवं गणमान्य जनों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और सराहनीय पहल बताया। लोगों ने कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल शासन की योजनाओं की झलक दिखाती है, बल्कि सरकार और जनता के बीच संवाद, विश्वास और सहभागिता को सशक्त करने का एक प्रभावी माध्यम भी है।

## सार समाचार

### आईटीबीपी ने दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**राजनांदगांव।** 27वीं बटालियन भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने अपने अभियान क्षेत्र के सुदूर गांवों से युवाओं के तीन दलों को शैक्षिक भ्रमण पर रवाना किया। इनमें 20 युवाओं को 31 अक्टूबर को शैक्षिक भ्रमण



हेतु चंडीगढ़, 01 नवंबर को 20 युवाओं को भुवनेश्वर (उड़ीसा) एवं 40 युवाओं को 02 नवंबर को कोझिकोड (केरल) हेतु रवाना किया गया है। इन दलों में 40 युवक और 40 युवतियां शामिल हैं। वर्ष 2022-23 से अभी तक 14वें, 15वें एवं 16वें आदिवासी युवा विनिमय कार्यक्रम सह शैक्षिक एवं जागरूकता भ्रमण कार्यक्रम के तहत 27वीं एवं 44वीं वाहिनी आईटीबीपी द्वारा 155 बालक एवं 156 बालिकाओं कुल 300 से ज्यादा युवाओं को देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों औद्योगिक नगरों एवं महानगरों का सफलतापूर्वक शैक्षणिक भ्रमण संपन्न करवाया जा चुका है।

चेक-मोहला पीआरो- 1 नवंबर

### रजत जयंती वर्ष पर नई खुशियों की सौगात

**मोहला।** 1 नवम्बर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर नवा रायपुर में आयोजित भव्य राज्योत्सव समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत प्रदेश के लाखों हितग्राहियों को नई सौगात दी। इस अवसर पर मोहला जिले के 4 हजार 500 हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया।

जिला स्तर पर यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिले की समस्त 185 ग्राम पंचायतों में स्थानीय स्तर पर भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सभी आवासों को आकर्षक रंगोली सज्जाए दीप प्रज्वलन एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को आभार पत्र खुशियों की चाबी एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

### गरीबों के ठेले हटाकर कौन सा विकास दिखा रहे

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय रजत जयंती समारोह मनाया जा रहा है। इसकी तैयारियों के



लिए प्रशासन द्वारा आसपास खासकर अतिथियों के आने वाले रास्ते के सभी ठेलों और टपरियों को हटवाया जा रहा है। उक्त कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने कहा कि गरीबों के रोजगार का साधन हटवाकर जिला प्रशासन व सत्तारूढ़ भाजपा न जाने कौन सा विकास दिखाना चाहते हैं। गरीबी हटाओ का नारा देने वाले आज गरीबों को ही हटाने पर आमादा हैं क्या? वे यह चाहते हैं कि राजनांदगांव आने वाले विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और महापौर मधुसूदन यादव के अतिथियों को कहीं गरीब न दिख जाए।

### लाटरी से 12 हितग्राहियों को आवास आबंटन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन की संवेदनशील पहल मोर मकान मोर आस योजना के तहत आम आदमी के आवास का सपना साकार करने



किरायेदारों के रूप में निकाय क्षेत्र के परिवारों को उनका स्वयं का अपना आवास मात्र लागत मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रक्रिया कर आवेदन आमंत्रित किया गया। पात्र हितग्राहियों को महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर 31 अक्टूबर को ननि सभागृह में शैकी बग्गा, डीलेश्वर साहू, आलोक श्रोत्री, कुलेश्वर ध्रुव, सेवक उईके, सतीश साहू, सुषमा साहू, राकेश नंदे, हितेश ठाकुर की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से 12 पात्र हिग्राहियों को आवास का आबंटन किया गया। पूर्व में 217 पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटन कर योजना का लाभ दिया गया है।मोहारा में निर्माणाधीन 870 आवास में 4, रेवाडीह में 340 पूर्ण आवास में 1 व निर्माणाधीन 258 अपूर्ण आवास में 7, इस प्रकार कुल 12 आवेदकों के स्वयं के आवास का सपना सकार हुआ।

### पुरानी टोकनी, सुपा, झउहा को जलाकर तापी भूर्री

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी की संस्था बैगा ग्रुप राजनांदगांव द्वारा 01 नवंबर देवउठनी एकादशी पर तुलसी विवाह के साथ ही पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भूर्री जलाकर शीत ऋतु का स्वागत रात्रि में किया



गया। वहीं बैगा ग्रुप के लोक कलाकरों ने राज्य के स्थापना दिवस व रजत जंयती पर अपनी प्रस्तुति भी दी। बैगा ग्रुप द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया कि बैगा ग्रुप ने अपनी 40 साल से भी अधिक समय से छत्तीसगढ़ की पौराणिक परंपरा देवउठनी एकादशी पर भगवान सालिगराम व तुलसी माता के विवाह पश्चात भूर्री जलाने की प्रथा को इस बार भी आयोजित किया। इस बार 01 नवंबर को देवउठनी एकादशी के अवसर पर मान्यता अनुरूप पुरानी टोकनी, सुपा, झउहा को एकत्रित कर बैगा ग्रुप ने अपने नियमित बैठक स्थल पर रात्रि में भूर्री प्रज्वलित कर शीत ऋतु के आगमन का स्वागत किया। वहीं इस अवसर पर एक दूसरे को तुलसी विवाह की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर नारायण सोनी, राजेश मारु, हर्ष कुमार बिंदू, गणेश प्रसाद शर्मा, विष्णु कश्यप, योगेश टुक्का, मनोज सेन, पंकज शर्मा व अन्य लोग उपस्थित थे।

## राज्योत्सव में साइबर क्राइम के प्रति किया जा रहा सतर्क

# पुलिस स्टॉल में सशस्त्रों का प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ रजत उत्सव राज्योत्सव के अवसर पर जिला पुलिस द्वारा मुनिस्पल स्कूल मैदान में लगाया गया जागरूकता स्टाल, यहां पहुंचने वालों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

छत्तीसगढ़ रजत उत्सव-राज्योत्सव के अवसर पर 2 नवंबर को म्युनिसिपल स्कूल मैदान में स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिला पुलिस बल राजनांदगांव द्वारा सायबर सेल, यातायात शाखा, आरमोर्र शाखा की संयुक्त टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया।

### पाम्पलेट वितरण कर किया जागरूक

जिसमें सायबर सेल द्वारा बच्चों एवं नागरिकों को 1500 से अधिक पाम्पलेट वितरण कर एवं लाउड स्पीकर में सायबर अपराध की जानकारी एवं इससे बचने के तरीके व सायबर अपराध घटित होने पर 1930 हेल्प लाइन पर डायल कर फ्रॉड की शिकायत दर्ज करवाने के संबंध में बच्चों एवं लोगों को जागरूक किया गया। यातायात शाखा द्वारा यातायात व्यवस्था में लगने वाले आधुनिक उपकरणों के संबंध में इंसट्रूमेंट को दिखाकर डेमो दिया गया। साथ ही यातायात नियमों के बारे में बताकर 1000 से अधिक पाम्पलेट वितरण कर बच्चों एवं लोगों को जागरूक किया गया।



### बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2025 में सभी शासकीय विभाग द्वारा अपना-अपना स्टॉल लगाया गया था। जिसमें राजनांदगांव पुलिस द्वारा लगाए गए स्टॉल मुख्य आकर्षण का केन्द्र था, जिसे देखने के लिए लोग व बच्चे अनायास ही आकृष्ट होकर भारी मात्रा में उपस्थिति दर्ज कराई एवं पुलिस द्वारा बताए गए संदेश को रूचिपूर्वक सुनकर लाभान्वित हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर जितेंद्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा एवं पुलिस विभाग सहित जिले के विभिन्न विभागों के राजपत्रित अधिकारीगण द्वारा जिला पुलिस द्वारा लगाए गए स्टॉल का भ्रमण कर अवलोकन किया गया।

### सुरक्षा साधनों का प्रदर्शन

पुलिस द्वारा उपयोग में लाए जाने वाली विभिन्न हथियार, सुरक्षा उपकरण, आधुनिक हथियार प्रणाली एवं सुरक्षा साधनों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य आम नागरिकों को पुलिस कार्यप्रणाली, तकनीकी संसाधन तथा सुरक्षा व्यवस्था से अवगत कराना था। आगंतुकों ने पुलिस द्वारा प्रदर्शित किए गए उपकरणों में विशेष रूचि दिखाई। कई बच्चों एवं युवाओं ने पुलिस के कार्य, हथियारों की जानकारी एवं सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से प्रश्न पूछे। जिनका पुलिस कर्मियों ने सरल और प्रभावी तरीके से उत्तर दिया।

# बाबा गुरु घासीदास के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, पनपा आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सतनामी समाज और गुरु घासीदास बाबा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किए जाने के मामले में समाज के लोगों में गहरा आक्रोश है। आज बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर इस मामले में ज्ञापन के माध्यम से आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग की है। बीते दिनों सोशल मीडिया और एक न्यूज़ चैनल में सतनामी समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले विजय राजपूत और आदेश सोनी के खिलाफ समाज के लोगों ने आज आक्रोश व्यक्त किया। बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने शहर के सतनाम भवन से रैली निकाली और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर इस मामले में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

### आंदोलन की चेतावनी

दोनों ही लोगों के खिलाफ सतनामी समाज द्वारा शिकायत की गई है और उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग करते पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन दिया गया है। सतनामी समाज द्वारा चेतावनी देते कहा गया है कि अगर आरोपियों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### समाज को किया गया अपमानित

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे सतनामी समाज के लोगों ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र और अश्लील टिप्पणी की गई है। वहीं टीवी डिबेट कार्यक्रम में आदेश सोनी ने समाज को भी गाय काटने वाला कहकर अपमानित किया गया है। जबकि सतनामी समाज के पूर्वजों ने गौहत्या व बलि प्रथा के खिलाफ लड़ाई लड़ी है।

# कलेक्टर ने शिक्षक को पीपीओ पत्र देकर किया सम्मानित

**राजनांदगांव।** ठा. प्यारेलाल सिंह शा.पूर्व मा. शाला राजनांदगांव के शिक्षक गणेश प्रसाद शर्मा को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर



कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने पीपीओ पत्र (पेंशन प्राधिकार पत्र) देकर सम्मानित किया। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल व विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजूलाल साहू ने शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान प्रदान किया।

कलेक्टर यादव ने कलेक्टर चेंबर में गणेश प्रसाद शर्मा को सेवा अवधि पूर्ण होने पर कोष एवं लेखा कार्यालय दुर्ग से प्राप्त पेंशन प्राधिकार पत्र का आदेश प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक श्री शर्मा के स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने श्री शर्मा द्वारा विभाग के साथ ही अन्य शासकीय कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने व कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित करने की बात कही। तत्पश्चात डीईओ श्री बघेल व विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजू लाल साहू द्वारा शिक्षक गणेश प्रसाद शर्मा का शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर राजेश खापर्डे व सुरेश जैन भी उपस्थित थे।

# 5 को मोतीपुर तालाब में मां गंगा की महाआरती

- दीपदान के साथ खीर प्रसादी का होगा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां संतोषी शंकर हनुमान मंदिर समिति द्वारा 05 नवंबर को सुबह 5 बजे 2100 दीपों से मोतीपुर काई तालाब में मां गंगा, मां नर्मदा की महाआरती होगा।

समाजसेवी मदन मंटू यादव ने बताया कि 01 नवंबर को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस व कार्तिक पूर्णिमा को लेकर काई तालाब स्थित मंदिरों, वृक्षों व आसपास को आकर्षक विद्युत लाइटों व तोरण पताकों से सजाया गया है। 05 नवंबर को होने वाली महाआरती को लेकर तालाब के चारों ओर जगमग दीपक से रौशन होगा एवं दीपदान के साथ सुबह 05 बजे पर्यावरण की सुरक्षा को संकल्पित लेकर महापौर मधुसूदन यादव की अगुवाई में मोतीपुर-रामनगर वार्ड की माताएं, बहनें, युवा, बच्चे बड़ी संख्या में शामिल होकर मां गंगा की महाआरती करेंगे। इस दौरान भव्य गगनभेदी आतिशबाजी होगा, जो आकर्षक का केन्द्र रहेगा। तत्पश्चात मां संतोषी, शिव, हनुमान मंदिर में पूजन व खीर प्रसादी का वितरण होगा। यह जानकारी समिति के दीपक साहू, जयकिशन जंघेल व धर्मराज यादव ने दी।

# हॉकी के शताब्दी वर्ष पर शहर में कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर को देशभर में एक साथ एक हजार से ज्यादा हॉकी मैच खेले जाएंगे। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित हॉकी नर्सरी राजनांदगांव में भी इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा।

इस संबंध में आयोजन को सफल बनाने जिला हॉकी संघ की बैठक स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी की अध्यक्षता तथा जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, नीलम जैन, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, अजय झा, आशा थॉमस, मृणाल चौबे, रामावतार जोशी, तीरथ गोस्वामी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में श्री अंसारी ने बताया कि यह आयोजन भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। 7 नवंबर 1925 को देश में पहली हॉकी प्रशासनिक संस्था का गठन हुआ था।

### कार्यशाला 7 तक



कार्यक्रम संयोजक मृणाल चौबे ने कहा कि "भारतीय हॉकी ने विश्व स्तर पर जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे हमारे देश की खेल विरासत को उजागर करती है। 100 वर्ष पूरे होने का यह अवसर पूरे गर्व और उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। राजनांदगांव में भी एक पुरूष एवं एक महिला टीम के बीच मैच आयोजित किया जाएगा। साथ ही दिनभर विभिन्न टीमों के बीच मैच संपन्न होंगे। इसी क्रम में 3 से 7 नवंबर तक शहर की विभिन्न स्कूलों में इस विषय में सामान्य ज्ञान, कार्यशाला आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे।







